सेंसेक्स 73,057.40 ▲ +349.24
डॉलर 82.895 ▼ -0.127

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 19.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 19.0 | 27.0 |
| पलामू | 32.0 | 17.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080
डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 21 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 125, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94
www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण थे आचार्य विद्यासागर ...6

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सरकार किसी परिवार की नहीं, जम्मू-कश्मीर ...10 देश/विदेश

ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सुगम परिवहन सेवा




नि:शुल्क यात्रा

- वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष से अधिक)
- छात्र/छात्रा
- राज्य सरकार द्वारा विधवा पेंशन से आच्छादित महिला
- राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त झारखण्ड आंदोलनकारी
- दिव्यांगजन (40% से अधिक)
- HIV संक्रमित

योजना से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान


- लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को प्राथमिकता
- लाभुकों को नये वाहन क्रय पर 5% वार्षिक ब्याज सब्सिडी 05 वर्षों तक
- पथकर - 100% विमुक्त
- परमिट शुल्क, नये वाहन हेतु निबंधन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क और परमिट आवेदन शुल्क - ₹1 (एक रुपया)
- योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक नागरिक / वाहन स्वामी अपने जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं

झारखण्ड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का

शुभारम्भ

मुख्य अतिथि

श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा



विशिष्ट अतिथि

श्री सत्यानन्द भोक्ता
माननीय मंत्री, झारखण्ड

श्री दीपक बिरुवा
माननीय मंत्री, झारखण्ड

दिनांक: 21 फरवरी, 2024
समय : 12:30 बजे अपराह्न
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 319769 (IPRD) 2023-24

## एक नजर

### प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित, सुदर्शन मिस्त्री को मिला प्रभार

**छतरपुर।** नगर पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैरियाडीह में प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत उदयभान को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। इस दौरान निलंबन कालीन अवधि तक के लिये आंकाबासा स्थित विद्यालय के सहायक शिक्षक सुदर्शन मिस्त्री को विद्यालय की देखरेख का प्रभार दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में 15 फरवरी को निर्णय के आलोक में यह आदेश जारी किया गया है। निवर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री भान के ऊपर ग्रामीणों ने विद्यालय के संचालन में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ संबंधित कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी थी।

### जनकल्याण ट्रस्ट ने दी आर्थिक मदद

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा गांव निवासी शिवरतन पासवान की मृत्यु की सूचना के बाद जनकल्याण ट्रस्ट के सदस्यों ने उनके परिजनों से मुलाकात की। साथ ही उनके पुत्र मनदीप पासवान को चावल, दाल, गेहूं, आलू, रिफाइंड तेल, हल्दी, सब्जी मसाला समेत आर्थिक मदद दी। ट्रस्ट के अजीत दुबे ने बताया कि शिवरतन पासवान काफी गरीब और ईमानदार आदमी थे। जनकल्याण ट्रस्ट निरंतर ऐसे लोगों की मदद करता आया है और आगे भी करता रहेगा। मौके पर ट्रस्ट के केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे, संयोजक ओमप्रकाश दुबे, केंद्रीय सदस्य संतोष कुमार दुबे, मिथिलेश कुमार दुबे, अजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

### नावा खास पंचायत में निकली न्याय यात्रा

**पाटन।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह व 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को नावा खास पंचायत में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पक्ष में न्याय मार्च निकालकर ग्रामीणों को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड में किए गए उल्लेखनीय कार्यों से अवगत कराया गया। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता रंजन यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अरविंद उरांव, रुदीडीह के उप मुखिया जॉन अब्राहम मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने नवनिर्मित भवन का किया वर्चुअल उद्घाटन

# जपला में पलामू जिले का दूसरा नवोदय विद्यालय खुला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के लंगरकोट गांव के समीप मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय जपला-2 के नए भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल किया गया। वर्चुअल उदघाटन समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ पलामू उपायुक्त शशि रंजन,डीईओ मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी,बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह आदि ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। वर्चुअल संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय ग्रामीण परिवेश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आधुनिक शिक्षा प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि देश मे शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मौके पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि नवोदय विद्यालय सामाजिक मूल्य, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामुहिक गतिविधियां और शारीरिक प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का कार्य कर रहा है। मौके पर हुसैनाबाद के प्रभारी एसडीएम हीरालाल, उप प्रमुख अंजू देवी, लीलाद्री सरकार, रामेश्वर पाठक, शिवकुमार, नितिन पांडेय, शालिनी तिग्गा,अभिषेक सिंह, रामकेश मीना ,रामेश्वर राम, अजय गुप्ता मौजूद थे।

### विधायक कमलेश सिंह ने जताया आभार



**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जपला में पलामू जिले के दूसरे नवोदय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल लोकार्पण आभार जताते हुये हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय जपला का भवन निर्माण दस वर्षो तक अधर में लटका रहा। इस कार्यकाल में दिलचस्पी लेकर लंगरकोट में भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर कर निर्माण कार्य को गति देने का काम किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद को एक अच्छा स्कूल मिलना काफी खुशी और गर्व की बात है। उससे भी बड़ी बात यह है कि वर्चुअल ही सही इसका उद्घाटन जन-जन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से किया गया। विधायक ने कहा कि विद्यालय भवन निर्माण के साथ-साथ लंगरकोट पहाड़ी को पर्यटक स्थल घोषित कराने का भी काम किया गया है। विद्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में लोग घूमने-फिरने आयेंगे। इससे उस क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकारी डिग्री कॉलेज के नवनिर्मित भवन में पढ़ाई शुरू कराने में वह जुटे हैं। इसके शुरू हो जाने से क्षेत्र के विद्यार्थी काफी कम खर्च कर उच्च शिक्षा पा सकेंगे।

### वर्ष-2009 में स्थापित हुआ था नवोदय विद्यालय

**हुसैनाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय-2 जपला की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी। वर्तमान प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि झारखंड राज्य के पलामू जिले की ग्रामीण जनसंख्या को गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए की गई थी। विद्यालय की शुरूआत पलामू जिले के स्थाई परिसर में 40 विद्यार्थियों के साथ हुई। राज्य सरकार से भूमि प्राप्त होने के बाद वर्तमान अस्थाई परिसर का निर्माण कार्य शुरू किया गया। वर्तमान परिसर में 36% प्रतिशत छात्राओं सहित 198 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। 27.62 एकड़ में फैले नवनिर्मित परिसर में 14 कक्षाओं के साथ शैक्षणिक ब्लॉक, स्मार्ट क्लास रूम, केमिस्ट्री लैब ,फिजिक्स लैब, बायोलॉजी लैब,कंप्यूटर लैब, 560 छात्र क्षमता का डाइनिंग हॉल, छात्र-छात्राओं के लिये अलग-अलग छात्रावास, खेल का मैदान, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट और स्टाफ क्वार्टर उपलब्ध है।

### सगुना में 300 लाभुकों का वृद्धा पेंशन स्वीकृत



**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा के निर्देशानुसार सुगना पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना हेतु शिविर लगाया गया। शिविर में मुखिया मंजू देवी व समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के हाथों 300 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति का प्रमाण पत्र सौंपा गया। मुखिया ने बताया कि पंचायत के एससी-एसटी वर्ग के 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके महिला व पुरुषों को सरकार द्वारा पेंशन लागू किया गया है। खोज-खोज कर लाभुकों का चयन किया जा रहा है। कोई भी पेंशन के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी अहमद हुसैन, पंचायत समिति सदस्य समरून बीबी, रोजगार सेवक श्रीकांत सिंह,युवा समाजसेवी रंजीत कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर जमील अख्तर उपस्थित थे।

## कभी पोस्ट ग्रेजुएशन का कोर्स पूरा नहीं कर पाए थे गंगेश्वर सिंह

# पलामू के गंगेश्वर को बंगाल में बड़ी जिम्मेदारी





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में महानिदेशक (इन्फोर्समेंट) के पद से सेवानिवृत्त होकर कर्मचारी चयन आयोग में बड़ी जबाबदेही संभाल रहे 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी गंगेश्वर सिंह को राज्यपाल के आदेशानुसार प.बंगाल कर्मचारी चयन आयोग में सदस्य के रूप में सेवा विस्तार दिये जाने की खबर से पलामू वासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। उनका कार्यकाल पांच साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, तक रहेगा। वे पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर (डालटनगंज) के मेराल के रहने वाले हैं। वहां से प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा मेदिनीनगर के ब्राह्मण हाईस्कूल से पूरी की। मेदिनीनगर में ही जीएलए कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने पोस्ट- ग्रेजुएशन के लिए प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, परंतु यूपीएससी को लक्ष्य बना चुके गंगेश्वर सिंह पहले प्रयास में ही इंटरव्यू तक पहुंच गए और दूसरे प्रयास में सफलता हासिल कर ली। इसके कारण पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा करने का लक्ष्य अधूरा रह गया। डालटनगंज की माटी और समाज से मजबूत संबंध बनाकर रखने वाले साहित्यिक रुचि के लेखक,कवि गंगेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत में कहा कि अब भी यूपीएससी में सफल होना आसान नहीं है। मेधावी विद्यार्थी, सही दिशा में योजनाबद्ध तरीके से मेहनत करता है तभी सफलता मिलती है। औसत विद्यार्थियों के लिए यूपीएससी में सफल होना अब भी असहज है। जबकि टेक्नोलॉजी के कारण अभी दुनिया मुट्ठी में जैसी अनुकूल स्थिति बन गई है।

### दृढ निश्चय से यूपीएससी में हासिल की सफलता

आईपीएस गंगेश्वर सिंह ने बताया कि तब उनके लिए यूपीएससी में सफलता हासिल करना काफी कठिन रहा था। ऐसा नहीं कि तब गांव में यूपीएससी के बारे में जानकारी नहीं थी, स्कूल में भी शिक्षक बताते थे,किंतु कॉलेज में इसके बारे में काफी जानकारी मिली। पलामू में तब एक आईएएस चैनपुर से और दूसरा आईपीएस डॉ. रामेश्वर उरांव हुए थे। पलामू में तब तैयारी के लिए समुचित संसाधन सुलभ नहीं हो पाता था।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी



### मलवरिया की टीम ने कप पर जमाया कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के मुरमा कला में स्टार क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिक्रेट टूर्नामेंट का समापन मैच मंगलवार को खेला गया। फाइनल मैच मलवरिया व चनोखर के बीच खेला गया। मलवरिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चनोखर की टीम 12 ओवर में 146 रन ही बना सकी। जबाबी पारी खेलने उतरी मलवरिया की टीम ने 10 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मुख्य अतिथि विकास मोर्चा के अध्यक्ष सह समाजसेवी विकास दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिये पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर भीम आर्मी उपाध्यक्ष साकेत कुमार पासवान, नरेंद्र सिंह,अरूण कुमार वर्मा, जयप्रकाश ठाकुर, पवन पासवान, सुरेश पासवान, छोटू दुबे, प्रणव राम मौजूद थे।

# बाइक चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



### चोरी की आठ बाइकें बरामद,नागरिकों को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** काफी दिनों से पुलिस के साथ नागरिकों के लिये सिरदर्द बने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुये पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के पांच सदस्यों के साथ चोरी की आठ बाइकों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। हुसैनाबाद थाना परिसर में आयोजित वार्ता में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि 18 फरवरी को बिहार के बारूण थाना क्षेत्र के निवासी गोविंद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में हुसैनाबाद के नहर मोड़ निवासी रोहित कुमार उर्फ लड्डू को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार रोहित ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में बताया। उसने बताया कि सभी मिलकर बाइक चोरी कर बेचने का कार्य करते हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रोहित कुमार उर्फ लड्डू, रामजी दास उर्फ गोलू, अमन कुमार उर्फ बटेर निवासी मकबरा रोड, हुसैनाबाद, आदित्य वर्धन सिंह उर्फ सुडू निवासी ग्राम टेंटा, हुसैनाबाद व पवन कुमार निवासी ग्राम कुकही थाना हैदरनगर को धर दबोचा। एसडीपीओ ने बताया कि सभी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बाइक चोरी व बिक्री करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे हुसैनाबाद के हरिहर चौक, स्टेशन रोड के अलावा आसपास के थाना क्षेत्रों के साथ बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना क्षेत्र में भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, वीर बहादुर सिंह, विरेंद्र खाका, राजमोहन राम व आरक्षी अमित कुमार तिवारी शामिल थे।

# जपला तक शुरू हुआ वाराणसी मेमो का संचालन



### समय में परिवर्तन व किराया कम करने को लेकर रेल चक्का जाम आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेल उपभोक्ता समिति की मांग पर बरकाकाना-वाराणसी मेमो ट्रेन का संचालन मंगलवार से जपला रेलवे स्टेशन तक शुरू कर दिया गया है। इसके समय में परिवर्तन व पैसेंजन ट्रेनों में कोरोना पूर्व किराया करने के लिये बुधवार को जपला रेलवे स्टेशन पर रेल चक्का जाम किया जायेगा। युवा समाजसेवी व तेज तर्रार अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने रोष जताते हुये आरोप लगाया कि रेलवे की मनमानी से आम जनता आजिज आ गयी है। बगैर कुछ सोचे-समझे बोर्ड परीक्षा व वैवाहिक कार्यक्रमों के दौर में जपला रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। ऊपर से कोरोना काल में बंद की गयी ट्रेनों में स्पेशल के नाम पर एक्सप्रेस का किराया वसूला जा रहा है। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेमो ट्रेन का परिचालन रात में किया जाना जनमानस के साथ मजाक है। रेलवे की कार्यप्रणाली से अब जनता का आक्रोश फूट गया है।

## लोहरसी में निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को मिलेगी राहत, जताया हर्ष

# मुखिया ने किया पीसीसी पथ व नाली का शिलान्यास



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी पंचायत के अंतर्गत मंगलवार को दो पीसीसी पथ निर्माण एवं एक नाली निर्माण का लोहरसी मुखिया चिंता देवी ने विधिवत पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। मुखिया ने बताया कि उक्त सभी निर्माण 15वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणों से सहमति ली गई है। उनके कहे जाने के बाद ही निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में उन्हें काफी परेशानी हो रही थी। सड़क निर्माण के बाद काफी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने मुखिया के प्रति आभार जताया। मौके पर युवा समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह, मामून बीबी, साइमन बीबी,अनवर मियां, दिलशाद मियां, दिलीप गोस्वामी, रवि पासवान, दिलीप प्रजापति, महाराज यादव, रामविलास यादव, गुडडू अंसारी मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उठाया लुत्फ

**हरिहरगंज।** नवयुवक सांस्कृतिक समिति खाप कटैया के तत्वावधान में सोमवार की रात में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी जानू चौधरी ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर की। उन्होंने कलाकारों का स्वागत करते हुये आयोजन के लिये समिति के पदाधिकारियों की सराहना की। देर रात तक सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर लुत्फ उठाया। मौके पर भोला गुप्ता, अमित कुमार, पप्पू चौधरी, चंदन पासवान, भोला पासवान, पूर्व पंसस सुनील ठाकुर, शिक्षक जितेंद्र ठाकुर, समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह, सचिव धनंजय सिंह मौजूद थे।

# मंत्री मिथिलेश ने ली राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की सदस्यता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बनने व उसके बाद पलामू आगमन पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी, झारखंड प्रदेश ने गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर उनका भव्य स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवा वाहकों ने जय श्री परशुराम के जयकारे के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने विप्र परिवार के कद्दावर शख्सियत को मंत्रिमंडल में शामिल होने पर पलामू प्रमंडल के लिए गौरवान्वित क्षण बताया। साथ ही उन्हें युवा वाहिनी की सदस्यता ग्रहण कराई। मंत्री श्री ठाकुर ने परिवार से जुड़ने पर हर्ष जताते हुए कहा कि युवा वाहिनी का सदस्य होने के नाते हरसंभव सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण परिवार समाज का मार्गदर्शक है। अपने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर मनु प्रसाद तिवारी, कृष्णकांत चौबे, शैलेश तिवारी, अनिल दुबे, नीलकमल तिवारी, मनीष ओझा, रवि शर्मा, रमेश शुक्ला, राकेश पाण्डेय, राजीव रंजन पाण्डेय, त्रिपुरारी पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय, कृष्ण कन्हैया दुबे, सन्नी शुक्ला, ए पी लकी मौजूद थे।

## आस्था

## मोहम्मदगंज में विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ प्रारंभ,भक्तों में उत्साह

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिये उमड़ रहे श्रद्धालु



मोहम्मदगंज में विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करते श्रद्धालू।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भगवान विश्वकर्मा व शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मोहम्मदगंज स्थित प्राचीन गीता मंदिर परिसर में आयोजित पांच दिवसीय विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ मंगलवार की सुबह मंडप प्रवेश पूजा व अरणी मंथन के बाद अग्नि प्रज्वलित करने के साथ प्रारंभ हुआ। यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आचार्य पं. सृष्टिकांत मिश्रा के सानिध्य में अयोध्या के विद्वान पंडितों के श्रीमुख से धाराप्रवाह वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया है। मुख्य यजमान लल्लू विश्वकर्मा के साथ ही यजमान राकेश कुमार सिंह, मनीष कुमार, सुदर्शन शर्मा, नयनजी शर्मा, मिंटू शर्मा सपत्नीक वैदिक अनुष्ठान में शामिल हैं। इस महायज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अरविंद शर्मा, संरक्षक मनोज विश्वकर्मा, अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्वकर्मा के अलावा कामेश्वर सिंह, द्वारिका प्रसाद, महंगू साव, गौरीशंकर सिंह, विमलेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह व नरेंद्र कुमार सहित अन्य कई

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में तेजी से बदलाव हुआ है : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/मनातू।** पांकी क्षेत्र के विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने मंगलवार को मनातू में पथ-निर्माण विभाग के सड़क निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया। पदमा से चक तक भाया मनातू सड़क निर्माण हो जाने से ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो जाएगा। इस क्रम में अधूरे पुल-पुलिया का भी निर्माण किया जाएगा। विधायक ने शिलान्यास कार्यक्रम के अलावा मंगलवार को तरहसी प्रखंड के गोगदा गांव में देवी मंदिर में प्रतिमा का तीन दिनी प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर कलश यात्रा का शुभारंभ भी किया। जबकि नीलांबर-पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के पिपरा खुर्द गांव में नॉक आउट क्रिकेट टूनामेंट का उदघाटन किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में तेज बदलाव की जो शुरूआत हुई है उसकी महक पलामू जिला और उसके पांकी विधानसभा क्षेत्र में भी सहजता से महसूस की जा सकती है। गोगदा में कलश यात्रा के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष उदय बैठा, सचिव शिव कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश पांडेय, लाला प्रसाद यादव, रामदास ठाकुर, बबल प्रजापति, उमेश सिंह, विनोद पांडेय, विजय तिवारी,नीलांबर-पीतांबरपुर के प्रमुख सुनील पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव मौजूद थे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,057.40 | ▲ +349.24 | |
| डॉलर | 82.895 | ▼ -0.127 | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 19.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 19.0 | 27.0 |
| पलामू | 32.0 | 17.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 21 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 125, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण थे आचार्य विद्यासागर ...6



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



सरकार किसी परिवार की नहीं, जम्मू-कश्मीर ...10 देश/विदेश



## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,210

चांदी (किलो) 71,530

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को होगी। इस संबध में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जानकारी दी गई है। मंत्रिपरिषद की बैठक शुक्रवार को अपराह्न चार बजे या विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी कोर्ट से मांगी बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत से 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी है। मामले की सुनवाई 21 फरवरी को ईडी की विशेष अदालत में होगी। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। इस अनुमति के लिए अदालत में हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किए गए कई आदेश पेश किये।

### हाई कोर्ट ने की राहुल गांधी की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई के बाद उनकी याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। उल्लेखनीय है कि साल 2018 में लोकसभा चुनाव के पूर्व राहुल गांधी ने चाईबासा में आयोजित एक सभा में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है।

### सीएम ने तीन जिलों के 35, 840 अबुआ आवास लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र

# तीन माह में देंगे और नौ लाख अबुआ आवास : चंपाई सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना के दूसरे चरण में अगले तीन महीनों में नौ लाख और बेघरों को आवास दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खनिज सम्पदाओं से परिपूर्ण राज्य के गरीब पिछड़े, दबे कुचले आदिवासी मूलवासियों को आर्थिक, सामाजिक, और शैक्षणिक स्तर पर विकसित करने के संकल्प के साथ राज्य का विकास कर रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना का शुभारंभ करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले के 35 840 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इसमें गिरिडीह जिले के 7165, धनबाद जिले के 5931 और बोकारो जिले के 5550 गरीब-जरूरतमंद लाभुक शामिल हैं। इस दौरान सभी लाभुकों के बैंक खाते में डीबीटी के जरिए 106 करोड़ की धनराशि ऑनलाइन प्रथम किस्त ट्रांसफर किये गये। कार्यक्रम के दौरान 196.51 करोड़ की लागत से 104 योजनाओं का शिलान्यास और 3.33 करोड़ से कुल छह योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया । इस दौरान 74 लाभुकों में 7.69 करोड़ की लागत से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

**पिछले चार सालों में जितना विकास हुआ उतना तो 23 सालों में नहीं हुआ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग हमारी सरकार पर काम नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं, जो हमेशा से झारखंड को चारागाह मानते रहे हैं। वैसे लोग झूठ फैलाकर झारखंड का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में जितना विकास हेमंत सरकार ने किया ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

### 50 साल उम्र तक के लाभुकों के लिए पेंशन योजना की शुरुआत

मुख्यमंत्री ने 50 साल उम्र तक के लाभुकों के लिए राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की भी शुरूआत की। सोरेन ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि 2019 में प्रदेश की जनता ने हेमंत सोरेन को पांच सालों के लिए जनादेश दिया था लेकिन केन्द्र द्वारा विकास योजनाओं में भेदभाव की नीति अपनायी जाने लगी, जिसके फलस्वरूप हेमंत सोरेन सरकार द्वारा राज्य में समावेशी विकास किया जाने लगा। इससे विरोधी बौखला गए और सरकार को अपदस्थ करने का खेल खेला। हेमंत को जेल जाना पड़ा, जिससे राज्य की जनता में रोष है और जनमानस दुखी है।

## चतरा में टीपीसी के सब-जोनल कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस ने मंगलवार को टीपीसी के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का आठ गोली, 7.62 एमएम का तीन गोली, टीपीसी का 14 लेटर पैड पर्चा, कोयला कारोबारी का मोबाइल नंबर लिखा नोट बूक, लेवी वसूली के 22500 रुपये नकदी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित मुरपा निवासी इरफान अंसारी उर्फ तूफान, रांची के मैक्लूस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमियां निवासी शोभित शर्मा उर्फ राजा उर्फ अभिषेक और खलारी थाना क्षेत्र के जमुनाघौड़ा निवासी संदीप लोहरा उर्फ बलवन्त शामिल हैं। इरफान अंसारी पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित सेंगाबिलारी में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाईवा में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाला मास्टर माइंड था। इरफान अंसारी पर रांची, चतरा, लातेहार के विभिन्न थाना में 17 मामले दर्ज है। अभिषेक पर रांची चतरा के विभिन्न थानों में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा के टंडवा, पिपरवार और रांची के खलारी, मैक्लूस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी एवं विकास के कार्यों से जुड़े कारोबारी के लिये आतंक का पर्याय बन चुके थे। रातू थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या कारोबारियों में दबदबा और लेवी वसूली के लिए की गई थी। ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

## बजट सत्र के मद्देनजर स्पीकर ने की उच्च स्तरीय बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश

### सभी सवालों का जवाब विधानसभा में कराया जाए उपलब्ध



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। इसे लेकर मंगलवार को स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। स्पीकर ने सदन में आने वाले विभिन्न विभागों से संबंधित सवालों और उनके जवाब पर चर्चा की। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को सदन में उठने वाले प्रश्नों का सही और सटीक जवाब देने को कहा गया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय सचिवों को निर्देश दिया कि आज भी सदन के अंदर लाए गए कई सवालों का जवाब अनुत्तरित होने के कारण सदस्य संतुष्ट नहीं हैं। ऐसे में लंबित सभी सवालों का जवाब विधानसभा में उपलब्ध कराया जाए। बैठक में पूर्व से लंबित प्रश्नों, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल, सरकारी आश्वासन एवं अनागत प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में स्पीकर ने विचार-विमर्श किया। स्पीकर ने कहा कि अब तक शून्य काल के कुल 1835 में से 1255 प्रश्नों के उत्तर नहीं मिले हैं। विधानसभा सदस्य विशेष परिस्थिति में ही शून्य काल में प्रश्न डालते हैं। एक कार्यदिवस में 25 शून्य काल के ही प्रश्न स्वीकृत किये जाते हैं। हालांकि, इसकी संख्या ज्यादा ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

### एसआई मदन कुमार ने धुर्वा थाने में (कांड संख्या 69/2024) प्राथमिकी दर्ज कराई

## खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने रांची टेस्ट रद्द कराने नक्सलियों को उकसाया

**झारखंड पुलिस में हड़कंप, स्टेडियम से लेकर होटल तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

**यूट्यूब पर वीडियो जारी कर नक्सलियों को उपद्रव फैलाने के लिए उकसाया**

**जेएससीए स्टेडियम आदिवासियों की जमीन पर बनी है, इस पर मैच नहीं होना चाहिए**

**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स को भी दी धमकी**

- **इंग्लिश कप्तान स्टोक्स भारत दौरा रद्द करें और टीम लेकर वापस अपने देश लौटें**
- **इस टेस्ट को रद कराने माओवादी झारखंड और पंजाब में उत्पात मचा दें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस को मंगलवार को बिलकुल अलग तरह की चुनौती मिली। फिलहाल अमेरिका और कनाड़ा की दोहरी नागरिकता रखने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यूट्यूब पर वीडियो जारी कर रांची में भारत-इंग्लैंड के बीच 23 फरवरी से होने वाले चौथे टेस्ट मैच को रद कराने के लिए नक्सलियों को उकसाया है। साथ ही उसने मैच रद्द कर इंग्लैंड की टीम को लौट जाने की धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो में नक्सलियों से कहा है कि भारत और इंग्लैंड के रांची में होने वाले मैच को अविलंब रद्द करवाएं। इस मामले को लेकर एसआई मदन कुमार महतो के बयान पर धुर्वा थाने में (कांड संख्या 69/2024) में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में दहशत फैलाने के उद्देश्य तथा आदिवासियों के मन में सरकार के प्रति घृणा और अवमान पैदा करने का प्रयास किया है, जो



यूएपी अधिनियम, आईटी अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। साथ ही दो मित्र देशों के बीच खेल संबंधों को बिगाड़ने तथा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के माध्यम से खेल में बवंडर मचाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी करने के कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत पैदा हो गया है। पन्नू ने नक्सलियों के नाम जारी वीडियो में कहा है कि रांची का जेएससीए स्टेडियम आदिवासियों की जमीन पर बना है। आदिवासियों की जमीन पर मैच नहीं होना चाहिए। पन्नू ने यूट्यूब पर यह वीडियो जारी किया है। उसने माओवादियों से कहा है कि रांची में होने वाले टेस्ट मैच को रद्द कराने के लिए झारखंड और पंजाब में उत्पात मचा देना चाहिए। पन्नू ने यूट्यूब के जरिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को भी धमकी दी है। इंग्लिश कप्तान से तो उसने यह भी कहा कि वह भारत दौरा रद्द करें और टीम लेकर वापस लौटें। पन्नू की धमकी मिलने के बाद झारखंड ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

## पीएम ऊषा परियोजना के लिये एनपीयू को 20 करोड़ आवंटित

### प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत पीएम नरेंद्र मोदी ने की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री ऊषा परियोजना के तहत 20 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी घोषणा की। एनपीयू झारखंड का तीसरा विश्वविद्यालय है। जिसे परियोजना के संचालन के लिये राशि का आवंटन किया गया है। प्रदेश के दो अन्य विश्वविद्यालय आचार्य विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग और कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा हैं। कोल्हान विश्वविद्यालय को 20 करोड़ जबकि विनोबा भावे विश्वविद्यालय को 99 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि आवंटित की गई है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुल सचिव मृत्युंजय कुमार ने बताया कि 20 करोड़ की यह राशि विश्वविद्यालय के सुद्दढ़ीकरण के लिए है। उन्होंने बताया कि सुद्दढ़ीकरण के तहत आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। पीएमएलए की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया है। ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8वां समन एवं 31 जनवरी को 10वां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में ईडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

## दिल्ली हाई कोर्ट डिवीजन बेंच ने शिबू सोरेन के मामले में फैसला सुरक्षित रखा

### कोर्ट ने कहा... आज या कल तक फैसला अपलोड कर दिया जाएगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। बेंच ने कहा कि इस मामले पर फैसला अपलोड करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाएगी और आज से कल तक आदेश अपलोड हो जाएगा। जस्टिस रेखा पल्ली की अध्यक्षता वाली बेंच ने शिबू सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल से कहा कि वो प्रथम दृष्ट्या लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने पर सहमत नहीं है। हालांकि वो आदेश करने के पहले मामले के हर तथ्य पर गौर करेंगे। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की सिंगल बेंच ने शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि याचिका प्री-मेच्योर है। सिंगल बेंच ने कहा था कि लोकपाल ने अभी कोई अंतिम आदेश नहीं दिया है, ऐसे में उसके अंतरिम फैसले पर हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं बनता है। सिंगल बेंच के फैसले को शिबू सोरेन ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि इस मामले में उनके खिलाफ कोई जांच नहीं की जा सकती है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने घटना के सात साल बाद शिकायत की है।

## इंडिया

## संदेशखाली की महिलाओं का संदेश राजनीतिक या शर्मनाक




सुनील बादल

**बंगाल** के राज्यपाल आनंद बोस जब संदेशखाली दौरे पर थे, तो रोती-कलपती कुछ महिलाओं ने उन्हें राखी बांधकर रक्षा की गुहार लगाई।जो दिख रहा है सच है तो देश की इकलौती महिला मुख्यमंत्री और वाम राज में महिला उत्पीड़न को लेकर सड़क पर संग्राम करने वाली ममता के राज में ऐसा भी होता है, किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। बंगाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुंदरवन के मुहाने पर बसे संदेशखाली के चेहरे की कुरूपता आज पूरा देश देख रहा है। महिलाओं को आधी रात में पार्टी ऑफिस में बुलाने, जमीन और जलागार हड़पने, दुकानदारों से अवैध वसूली करने, इलाके को विपक्ष शून्य करने के लिए हमले करने जैसी दर्जनों शिकायतों का निपटारा करने वाला कोई नहीं था। संवेदनहीन पुलिस अब प्रभावित इलाकों में घूम-घूमकर लोगों, खासकर महिलाओं को मीडिया के सामने मुंह नहीं खोलने की हिदायत दे रही है। यहां की सांसद नुसरत जहां को इलाके की महिलाओं के आंसू पोंछने चाहिए थे, पर वह 14 फरवरी को इंस्टाग्राम पर वेलेंटाइन डे मना रही थीं। भ्रष्टाचार के मामलों में जिस सरकार के एक दर्जन से ज्यादा मंत्री, उनके बेटे-बेटी व अफसर जेल की हवा खा रहे हों, उस पर संदेशखाली कांड ने जले पर नमक छिड़का है, पर सरकार के चेहरे पर शिकन तक नहीं है। सरकार पूरी ताकत से इस इलाके में विपक्षी नेताओं का प्रवेश रोकने में लग गई है। राज्य भाजपा अध्यक्ष और बालुरघाट से लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार संदेशखाली जाते समय सुरक्षाकर्मियों से झड़प में घायल हो गए और उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की। उनकी शिकायत पर लोकसभा की विशेषाधिकार रक्षा समिति ने मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, उत्तर 24 परगना के डीएम शरद कुमार द्विवेदी, बशीरहाट के एसपी और एएसपी को 19 फरवरी को दिल्ली में हाजिरी लगाने को कहा है। 14 फरवरी को संदेशखाली मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर पूरे इलाके में जारी निषेधाज्ञा खारिज कर दी। उसी दिन सुकांत को रोककर पुलिस प्रशासन ने उनका विशेषाधिकार हनन किया। याद करें, राजीव कुमार वही आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्हें शारदा चिटफंड मामले में सीबीआई की संभावित गिरफ्तारी से बचाने के लिए ममता धरने पर बैठी थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस ग्रामीण महिलाओं के विरोध को कुचलने के बदले अपराध में शामिल कथित दो प्रमुख आरोपियों की तलाश करे। मालूम हो कि कई सौ करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर शाहजहां के गुर्गों ने हमला किया था और तभी से वह फरार है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक कह चुका है कि बंगाल में कानून का शासन नहीं, बल्कि शासक का कानून चलता है। विधानसभा में ममता ने शाहजहां का बचाव किया और भाजपा व आरएसएस पर दोष मढ़ा। जून, 2019 में भी तीन राजनीतिक हत्याओं के मामले में शेख शाहजहां का नाम आया था, पर तब भी ममता ने उसका बचाव किया था। वाम जमाने में शेख शाहजहां की औकात एक स्थानीय रंगबाज की थी, पर ममता की शरण में आने के बाद रसूख के साथ उसकी संपत्ति भी तेजी से बढ़ी। बताया जाता है कि आज वह कई सौ करोड़ रुपये की संपत्ति का मालिक है। शिक्षा घोटाले में पार्थ चटर्जी, पशु तस्करी घोटाले में अणुव्रत मंडल, राशन घोटाले में जेल में बंद मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक सहित काले कारनामे करने वाले दर्जनों अभियुक्तों का ममता ने हर बार बचाव किया। लोकसभा चुनाव करीब है और सरकार को लगता है कि लक्ष्मी भंडार के पांच सौ रुपये (जिसे बजट में बढ़ाकर एक हजार किया गया है) और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए एक हजार रुपये का भत्ता देकर राज्य की दुर्गा शक्ति को खुश कर देगी। राज्यपाल सी वी आनंद बोस से महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाई थी और जब मीडियाकर्मियों ने पूछा कि उन्होंने रेप की शिकायत पुलिस से क्यों नहीं की। संदेशखाली में रहने वाली 48 वर्षीय महिला ने बताया कि जिन महिलाओं से गैंगरेप हुआ, पुलिस उससे ही मेडिकल रिपोर्ट मांग रही है। आखिर पीड़ित महिलाएं मेडिकल रिपोर्ट कहां से लाएंगी। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को पीड़ित महिलाओं ने बताया कि शिकायत करने पर पुलिस रात में आकर दरवाजा पीटती है। टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष पर आरोप है कि वे महिलाओं के पतियों को धमकी देते हैं। महिलाओं के अंदर सुरक्षा जगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के साथ बंगाल में पारा मिलिट्री फोर्स की उपस्थिति आवश्यक है।



## चौथे टेस्ट मैच के लिए रांची पहुंचीं भारत और इंग्लैंड की टीमें



**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें मंगलवार शाम रांची पहुंच गईं। रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 फरवरी से चौथे टेस्ट के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। रांची में दोनों टीमों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के उतरते ही प्रशंसकों ने दोनों टीमों का स्वागत किया और हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। कई खिलाड़ियों ने भी हाथ हिलाकर फैंस को धन्यवाद दिया। क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने खिलाड़ियों के निकलने के लिए विशेष गेट का इंतजाम किया था। इस गेट के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई थी। खिलाड़ी दो अलग-अलग बसों में एयरपोर्ट से रेडिशन ब्लू होटल चले गए। दोनों टीमें 21 और 22 फरवरी को अलग-अलग सेशन में जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। भारत ने तीन मुकाबलों में ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।
प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल के भगवान सोमनाथ से शुरु सनातन पुनरोत्थान को पीएम मोदी ने अयोध्या में श्रीराम लला को स्थापित कर चरम पर पहुंचा दिया। भारत वर्ष मोदी की अगुवाई में विश्वगुरु बनेगा।
अमित तिवारी जिला अध्यक्ष भाजपा

## क्षेत्रीय विधिक सेवा प्राधिकार का सेमीनार 25 को



**मेदिनीनगर।** पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर में 25 फरवरी को क्षेत्रीय विधिक सेवा प्राधिकार सेमीनार का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि सेमीनार में पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले के कार्यकारी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ विद्वान अधिवक्ता शिरकत करेंगे। इस दौरान जमानत के अद्यतन प्रावधानों को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा।



दुनिया भले ही चांद तारों पर बसने की तैयारी में है। हमारी जिंदगी तो दोना और दातून तक ही सिमटी है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### 60 लीटर अवैध शराब जब्त, 30 क्विंटल जावा नष्ट



**मेदिनीनगर।** उत्पाद अधीक्षक के आदेशानुसार उत्पाद पुलिस कर्मियों के द्वारा मंगलवार को नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम अटवाखाड़ सलैया में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस कर्मियों ने प्रमोद साव के घर से 60 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त कर 40 क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया। विदित हो कि उत्पाद अधीक्षक के द्वारा लगातार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### सड़क हादसे में राज मिस्त्री की मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के आशेहार गांव निवासी राज मिस्त्री सुनील विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सोमवार की रात मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुनील सोमवार को मेदनीनगर शहर में राज मिस्त्री का काम करने गया था। शाम को काम कर जब वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन के धक्के से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचकर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### परिवारिक विवाद में मारपीट, पिता-पुत्री गंभीर

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी तजबुल खातून को मामूली विवाद में परिवार के लोगों ने लाठी-डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल पिता-पुत्री ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने घर के पास पुआल को सूखने के लिए रखे थे। इसी बीच उनका अपना भाई जहरुद्दीन अंसारी वहां पहुंचा और पुआल हटाने को लेकर विवाद करने लगा। इसी दौरान जहरूदीन और उसका बेटा हसीब अंसारी ने रहमुद्दीन और उनकी बेटी पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचारार्थ हुसैनाबाद अस्पताल भेजा। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# महिला को गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता में 16 फरवरी को घर में घुसकर मीनाक्षी देवी नामक महिला को गोली मारने के मुख्य आरोपी गोलू गोस्वामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है और पलामू में रहकर कारोबार करता है। महिला का इलाज फिलहाल मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कृष्ण गोस्वामी उर्फ गोलू गोस्वामी मीनाक्षी न्के घर में किराए पर रहता था। कुछ दिन पूर्व ही उसने मीनाक्षी का घर खाली किया था। उसके बाद से ही दोनों में विवाद चल रहा था। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि किराए के विवाद में गोली मारी गई थी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि गोली मारने के बाद उसने हथियार को कोयल नदी के पुल से नीचे फेंक दिया था।

### नगर आयुक्त को पत्रक देकर नागरिकों ने लगायी गुहार

# गर्मी के पूर्व ही जनकपुरी में पेयजल की घोर किल्लत



पिछले कई वर्षों से अपेक्षित बरसात नहीं होने के कारण भू-गर्भ जल स्रोत काफी नीचे चला गया है : नागरिक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के वार्ड नंबर-सात बारालोटा के जनकपुरी मोहल्ले में गर्मी के पूर्व ही पेयजल की घोर किल्लत उत्पन्न हो गयी है। नागरिकों ने नगर आयुक्त को पत्रक सौंपकर समस्या का तत्काल निराकरण किये जाने की गुहार लगायी है। सुधीर तिवारी, प्रकाश कुमार राय, नागेंद्र चौबे, सुनील कुमार गिरी, श्याम सुंदर राम आदि ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अपेक्षित बरसात नहीं होने के कारण भू-गर्भ जल स्रोत काफी नीचे चला गया है। परिणामस्वरूप मोहल्ले के अधिकांश बोरवेल सूख चुके हैं। इससे नागरिकों को अभी से ही पानी के लिये मशक्कत करनी पड़ रही है। नागरिकों ने बताया कि पांकी रोड स्थित नगर निगम की पाइप लाइन से आसपास के अन्य मोहल्लों में जलापूर्ति की जा रही है। यदि उसी पाइप लाइन से जनकपुरी में भी पाइप के माध्यम से जलापूर्ति की जाये तो काफी हद तक समस्या का निराकरण हो जायेगा। नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन ने नागरिकों की बातों को गंभीरता से लेते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने का आश्वासन दिया है। मौके पर नवनीत तिवारी, मणिभूषण तिवारी, नीरज कुमार, संतोष कुमार तिवारी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, अविनाश कुमार सिंह, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

नगर आयुक्त ने नागरिकों की बातों को गंभीरता से लेते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने का आश्वासन दिया है।

### विहिप का धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान शुरू

# धर्म की रक्षा के लिये करें सहयोग




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धर्म की रक्षा के लिये भगवान को भी धरा पर अवतार लेना पड़ता है। हम सभी का कर्त्तव्य है कि धर्म के रक्षार्थ तन-मन-धन से तत्पर होकर अग्रणी भूमिका निभाये। धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के दौरान विश्व हिंदू परिषद पलामू के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि वर्तमान में झारखंड धर्मांतरण, गो-हत्या, मादक पदार्थों की तस्करी सहित विभिन्न अलगाववादी समस्याओं से जूझ रहा है। इनका मुंहतोड़ जबाब देने के लिये विभिन्न आयामों के प्रकल्पों के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद भारी पूर्णकालिक कार्यकर्ता तैयार करने की योजना पर कार्य कर रही है। स्वाभाविक है संगठनात्मक गतिविधियों को धार देने के लिये धन की आवश्यकता होगी। इसी के मद्देनजर संगठन द्वारा जिले के समस्त प्रखंडों में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान शुरू किया गया है।

# 40 प्रतिभागियों को जल-जीवन मिशन का प्रशिक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जिले के नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत इटको पंचायत सचिवालय भवन में दो दिवसीय केआरसी लेवल थ्री प्रशिक्षण एसीसी संस्था रांची के द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में नावा बाजार प्रखंड के इटको एवं कंडा के चार राजस्व ग्रामों के 40 प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन का उद्देश्य, घटक एवं लाभों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। बिहार से पहुंचे मास्टर ट्रेनर प्रभात कुमार ने प्रतिभागियों को हर घर नल से जल तथा जल की गुणवत्ता, ग्राम जल स्वच्छता समिति की भूमिका, हर घर जल प्रोटोकॉल, स्वच्छ भारत मिशन फेस 2 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों को जल जांच की विधि बतायी गयी। इटको मुखिया जोहरा बीबी के द्वारा प्रतिभागियों को झोला एवं यात्रा व्यय का भुगतान किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सफिर आलम ,राजदेव यादव, जलसहिया समसा बीबी, नजमुन बीबी, वार्ड सदस्य बलराम सिंह, निर्मला देवी उपस्थित रहीं।

### एनपीयू के प्रभारी कुलपति ने राजभवन को लिखा पत्र, कहा छात्र हित सर्वोपरि

# कुलाधिपति से ई-टेंडर निकालने की मांगी अनुमति




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य ने राज भवन को पत्र प्रेषित कर विश्वविद्यालय को ई-टेंडर निकालने की अनुमति मांगी है। प्रभारी कुलपति डॉक्टर शांडिल्य ने बताया कि पत्र में आउट सोर्सिंग एजेंसी की बहाली के लिये अनुमति मांगी गयी है। इस एजेंसी को परीक्षा के पहले और परीक्षा के बाद के सारे कामकाज सौंपे जायेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान एजेंसी का कार्य संतोषजनक नहीं है। इस एजेंसी के प्रति छात्र और परीक्षार्थियों में गहरा असंतोष है। उनका कहना है कि यह एजेंसी एडमिट कार्ड निर्गत करने सहित परीक्षा प्रोग्राम जारी करने में भी त्रुटि कर रही है। छात्र हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजभवन से अनुमति मांगी गई है। जैसे ही राजभवन से ही टेंडर निकालने की अनुमति मिल जायेगी। वैसे ही ई-टेंडर प्रकाशित कराकर एजेंसी की बहाली कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा विभाग को दुरुस्त करना विवि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अति पिछड़ा वर्ग के हित में संघर्ष का एलान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटिका स्थित रंजन कुमार के आवास पर आयोजित वार्ता में अति पिछड़ा वर्ग के हित में संघर्ष का निर्णय लिया गया। इस दौरान सभी ने झारखण्ड में सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू करने पर बल दिया। झारखण्ड में भी बिहार के तर्ज पर अति पिछड़ा वर्ग को आवादी के अनुपात में आरक्षण दिया जाय। साथ ही समस्याओं के निराकरण के लिये अति पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाय। शैलेश चन्द्रवंशी ने कहा कि हम पलामू से लड़ाई की शुरूआत कर राज्य स्तर पर ले जाएंगे। राज किशोर चौधरी ने कहा कि झारखण्ड सरकार का जाति जनगणना कराने का निर्णय स्वागत योग्य हैं। अरुण चन्द्रवंशी ,जग नारायण कुमार, संजय किशोर, मुकेश चौधरी, ललित प्रजापति व अखिल झारखण्ड पिछड़ा वर्ग महासभा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार आदि ने संघर्ष का संकल्प लिया।

# मुंहपका-खुरपका रोक के बढ़ते प्रकोप से पशुपालक त्रस्त



तेजी से पशुओं में फैल रहा संक्रमण, टीकाकरण की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पशुओं में मुंहपका व खुरपका रोग के बढ़ते प्रकोप से पशुपालकों के होश उड़ गये हैं। बीमारी के तेज संक्रमण से जिले के कमोबेश सभी प्रखंडों में स्थिति बेकाबू हो गयी है। पशुपालकों ने पशुपालन विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल टीकाकरण शुरू कराये जाने की मांग की है। ठंड का असर कम होते ही पशुओं में संक्रामक बीमारी मुंहपका-खुरपका का प्रसार बढ़ने लगा है। बीमारी की शुरूआत मुंहपका से हो रही है। संक्रमित पशु के जीभ पर बड़े-बड़े छाले पड़ जा रहे हैं। बुखार के कारण पशु हांफ रहे हैं तथा खाना छोड़ दे रहे हैं। उसके बाद संक्रमित पशु के खुर के साथ अन्य पशुओं को भी बीमारी अपने शिकंजे में ले रही है। बीमारी के कारण विशेषकर दुधारू पशुओं की समस्या विकराल हो गयी है। खाना-पीना छोड़ देने से पशु कुछ ही दिनों में काफी कमजोर हो जा रहे हैं। पशुओं की बीमारी के कारण कृषि कार्य से तबाह हो चुके पशुपालकों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो

### कराया जा रहा टीकाकरण



जिले के समस्त प्रखंडों में एआई वर्कर्स के माध्यम से दिसंबर महीने से ही टीकाकरण कराया जा रहा है। मुंहपका सहित पशुओं के चार प्रमुख बीमारियों का टीका लगाया जा रहा है। पशुपालक तत्काल अपने निकटवर्ती पशु चिकित्सालय में संपर्क कर पशुओं को टीका लगवायें।

डा. प्रभाकर सिन्हा, जिला पशुपालन अधिकारी, पलामू।

### कुम्भी कला पंचायत में निकली न्याय यात्रा

मेदिनीनगर झामुमो नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सोनी के नेतृत्व में मंगलवार को सोहदाग खुर्द तथा कुम्भी कला पंचायत में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पक्ष में न्याय यात्रा निकाली गयी। इस दौरान ग्रामीणों को हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड में कराये गये जनोपयोगी कार्यों की जानकारी दी गयी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा गरीबों-दलितों के हित में कराये जा रहे विकास कार्य को भाजपा बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। और कोई उपाय नहीं सूझा तो ईडी के माध्यम से साजिश कर लोकप्रिय सीएम को इस्तीफा देने के लिये बाध्य किया गया।

### भाकपा नेताओं ने रक्तदान कर बचाई जान

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी और युवा समाजसेवी आशुतोष कुमार सिंह ने गरीब महिला को ब्लड देकर जान बचाने का काम किया। विदित हो कि दोनों लोग सोमवार को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सरसोत निवासी बबन यादव के सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पुत्र का इलाज करवाने मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने आशुतोष को सूचना दी कि मनातू थाना क्षेत्र के टुनका निवासी धर्मेंद्र भुइयां की पत्नी पूजा देवी को एक यूनिट ओ पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता है। महिला के परिजन काफी गरीब व्यक्ति हैं। इसकी वजह से वे ब्लड की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के बाद उन्होंने तत्काल रक्तदान कर महिला की जान बचाई। परिजनों ने आभार जताया है।

## उपलब्धि

### निर्धारित समयावधि के डेढ़ माह पूर्व ही हासिल किया लक्ष्य, विद्युत कर्मियों में उत्साह

# राजस्व वसूली में डालटनगंज विद्युत प्रमंडल ने बनाया कीर्तिमान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विद्युत प्रमंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वित्त वर्ष में विद्युत प्रमंडल को 160.26 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली करने का लक्ष्य दिया गया था। डालटनगंज विद्युत मंडल के कार्यपालक अभियंता शंभू नाथ चौधरी ने बताया कि अभी इस वित्तीय वर्ष के खत्म होने में करीब डेढ़ महीने बचे हैं। इससे पूर्व ही 20 फरवरी तक प्रमंडल ने 161.4 करोड़ रूपए की राजस्व वसूली कर ली है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि शेष समय में भी राजस्व वसूली का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पहले लक्ष्य बड़ा समझ में आ रहा था, किंतु साथी अभियंताओं-कर्मचारियों की मदद से धीरे-धीरे मंजिल करीब आती गयी। उपभोक्ताओं को बिजली बिल बकाया भुगतान की तरफ विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि उससे प्रमंडल में सुचारु विद्युत आपूर्ति की राह सुगम हो सकेगी। साथ ही पर्याप्त राजस्व मिलने से बिजली विहीन टोलों में भी विद्युत पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने राजस्व वसूली अभियान में लगे कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष में भी प्रमंडल अवश्य निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि प्रमंडल में राजस्व वसूली के साथ विद्युत आपूर्ति की दिशा में भी समुचित ध्यान दिया जा रहा है। तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाता है।

### उपभोक्ताओं पर 220 करोड़ बकाया

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि प्रमंडल अंतर्गत उपभोक्ताओं पर 220 करोड़ रुपया बिल बकाया है। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील कि वे वित्त वर्ष समाप्त होने के पूर्व बिल जमा कर दें।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### टैंकर पलटने से चालक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के अनराज नावाडीह घाटी के समीप तेल टैंकर पलटने से चालक घायल हो गया। घायल चालक की पहचान छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी परवेज खान के रूप में हुई है। परवेज को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ से डीजल लेकर असम जा रहा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**गढ़वा।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के सुलसुलिया गांव में सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के वनपुरवा गांव निवासी स्वर्गीय सच्चिदानंद दुबे की 55 वर्षीय पत्नी रेशम कुंवर के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वे सुलसुलिया स्थित मायके से अपने घर आ रही थी। इस दौरान बाइक से गिर जाने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नगर ऊंटारी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### माघ पूर्णिमा की तैयारी में श्रद्धालु

**गढ़वा।** श्रद्धालुओं द्वारा माघ पूर्णिमा स्नान की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। पूजन सामग्री खरीदने के लिये जहां बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं कई श्रद्धालु पवित्र गंगा में डुबकी लगाने के लिये काशी, प्रयागराज के साथ गंगासागर जाने की तैयारी में हैं। श्रद्धालुओं का कुछ जत्था तीर्थों के लिये रवाना भी हो चुका है। विदित हो कि सनातन धर्म शास्त्रों में माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान व दान-पुण्य का विशेष महत्व है।

---

### आदिम जनजातियों ने उत्थान की बनायी रणनीति

## बच्चों की शिक्षा पर दिया गया बल

**परहिया जाति वर्तमान में सबसे दबी-कुचली व अशिक्षित समाज के रूप में जानी जाती है : अध्यक्ष**

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई ।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में मंगलवार को आदिम जनजाति समाज की बैठक रघु परिया की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस दौरान समाज के उत्थान के साथ-साथ आपसी एकता पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी ने शिक्षा ,स्वास्थ्य, वन भूमि ,वन पट्टा के अलावा पीएम जन मन की योजना पर भी चर्चा की। समाज की केंद्रीय अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि परहिया जाति वर्तमान में सबसे दबी-कुचली व अशिक्षित समाज के रूप में जानी जाती है। यह दाग मिटाने के लिये सभी को अपने-अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही समाज के लोगों को शराब सहित सभी



प्रकार के नशापान से खुद को दूर रखना होगा। प्रवक्ता सुरेश परहिया ने कहा कि समाज के लोगों को एक संघीय ढांचे के साथ कदम ताल मिलाकर साथ चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में कई तरह की कुरीतियां हैं, जिन्हें हम सभी को आपस में बैठकर दूर करना चाहिये। मौके पर भूलन कोरबा, भुनेश्वर परहिया, संजय परहिया, रामविचार परहिया, लीलावती देवी, प्रमोद परहिया,सूरज परहिया, यश कुमार परहिया, आनंद परहिया उपस्थित थे।

---

### पुनः मंत्री बनाये जाने के बाद गढ़वा पहुंचे मिथिलेश ठाकुर

## सरकार का लक्ष्य झारखंड का विकास करना है

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर को झारखंड सरकार में पुनः मंत्री बनाए जाने के बाद वे सोमवार को गढ़वा पहुंचे। मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा पहुंचने पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता दो-पहिया एवं चार पहिया वाहनों से गढ़वा-शाहपुर मार्ग स्थित तहले नदी पुल के पास पहुंचे। मंत्री को वहां पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री ठाकुर को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं से सभी कार्यकर्ता मंत्री की अगवानी करते हुए जुलूस के शक्ल में गढ़वा पहुंचे। इस दौरान चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों ने भी मंत्री को बुके देकर स्वागत किया।





**मंत्री के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री ठाकुर को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया**

गढ़वा पहुंचने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने टंडवा में शाहपुर मोड़ पर स्थित पूरनचंद की प्रतिमा, रंका मोड़ स्थित इंदिरा गांधी पार्क में इंदिरा गांधी की प्रतिमा, सहिजना मोड़ पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, चिनिया मोड़ पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंगलवार को मंत्री श्री ठाकुर ने मां गढ़देवी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर और बजरंग बली के मंदिर में माथा टेका। पूजा-अर्चना कर उन्होंने झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने मां गढ़देवी से समस्त लोगों का कल्याण करने, सभी को विरोधियों की साजिश के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने और उनसे मुकाबला करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने झारखंड की प्रगति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी लिया। कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य विकास है और वह सभी वर्गों के लोगों के हित में काम करेगी। इससे न केवल झारखंड का विकास होगा, बल्कि राज्य की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

**मां गढ़देवी से समस्त लोगों का कल्याण करने, सभी को विरोधियों की साजिश के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने और उनसे मुकाबला करने की शक्ति देने की**

---

### एससी-एसटी मामले में विधायक भानु निर्दोष

भवनाथपुर। टाउनशिप सेल अस्पताल के चिकित्सक विजय राम के द्वारा वर्ष 2006 में तत्कालीन विधायक भानु प्रताप शाही, भगत दयानंद यादव, मनोज पहाड़िया, प्रेमप्रकाश रमण, उपेंद्र दुबे सहित अन्य पर एससी-एसटी के तहत मामला दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमे की मंगलवार को अंतिम सुनवाई विनोद कुमार सिंह पलामू डिस्ट्रिक्ट एडिशनल सेशन जज-दो की अदालत में करते हुए फैसला सुनाया गया। जिसमें विधायक शाही को निर्दोष पाते हुए बाइज्जत बरी किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि माननीय न्यायालय पर हम सब को पूर्ण विश्वास एवं भरोसा था कि जीत सच्चाई की ही होगी।



---

### अंचलाधिकारी की तैनाती नहीं होने से भू-संबंधी कार्यों के लिये भटक रहे ग्रामीण

## प्रभार पर चल रहे है कई विभाग, विकास कार्य बाधित




बिट्टू सिंह

**केतार।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अधिकांश सृजित पद इन दिनों प्रभार के सहारे चल रहे हैं। कुशल रिक्त पदों के विरुद्ध अधिकारियों एवं कर्मियों की नियुक्ति न हो तो इसका असर विकास कार्यों पर पड़ना लाजिमी है। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के पद पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी की पोस्टिंग तो एक माह पूर्व हो गयी है, लेकिन अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की पोस्टिंग अब तक नहीं हो सका है। अंचलाधिकारी का प्रभार बीडीओ सावित्री कुमारी को ही संभालना पड़ रहा है। जबकि अंचल निरीक्षक का पद राजस्व कर्मचारी के सहारे चल रहा है। अंचल के 4 हल्का का जिम्मा दो राजस्व कर्मचारी के जिम्मे है। आपूर्ति विभाग में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदभार खरौंधी प्रखंड के अंचलाधिकारी सुनील कुमार को मिला है। गोदाम प्रबंधक के दायित्व का निर्वहन जनसेवक द्वारा किया जा रहा है। इधर शिक्षा विभाग में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का प्रभार श्रीबंशीधर नगर के बीईईओ विजय कुमार पांडेय संभाल रहे हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी का प्रभार जनसेवक के पास है। इसी तरह अहम आवास कोआर्डिनेटर का पद कम्प्यूटर ऑपरेटर के जिम्मे है। जबकि बाल कल्याण परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन एवं पर्यवेक्षण का जिम्मा भवनाथपुर के बीडीओ के पास है। जबकि सात पंचायतों का कामकाज एक पंचायत सचिव और एक जनसेवक संभाल रहे हैं। इसी तरह प्रखंड कार्यालय में छह माह पूर्व से योगदान देने के बाद भी दो पंचायत सचिवों को अभी तक पंचायत आवंटन नहीं किया गया है। इसका असर पंचायत के विकास कार्यों पर पड़ रहा है। मनरेगा विभाग में बीपीओ का प्रभार रोजगार सेवक संभाल रहे हैं। वहीं कंप्यूटर सहायक का कार्य निजी ऑपरेटर के जिम्मे तथा सहायक अभियंता का पद भवनाथपुर के सहायक अभियंता के जिम्मे है।



आम जन की समस्या संज्ञान में है। डीसी के माध्यम से पत्राचार किया गया है। जल्द ही प्रखंड में पदस्थापना करायी जायेगी। मिथिलेश कुमार ठाकुर। पेयजल-स्वच्छता एवं मद्य निषेध मंत्री झारखंड सरकार।



राजपत्रित कर्मचारियों की तैनाती सरकार की अनुमति से की जाती है। इसके लिए आवश्यक कवायद की जा रही है। शेखर जमुवार, उपायुक्त गढ़वा।

#### 16 वर्ष बाद भी अस्तित्व में नहीं आया प्रखंड कार्यालय

केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय की स्थापना नवम्बर 2008 में हुई थी। स्थापना के डेढ़ दशक गुजर जाने के बाद भी प्रखंड कार्यालय पूर्ण रूप से अस्तित्व में नहीं आ सका है। आज भी कई कार्यालयों का संचालन भवनाथपुर से होता है। वहीं कई पदाधिकारी कार्यालय तो क्या बैठक में भी उपस्थित नहीं रहते हैं। केतार प्रखंड में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग,श्रम विभाग,बाल विकास व आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय अस्तित्व में नहीं आ सका है।

#### आवासीय परिसर में नहीं रहते हैं कर्मी

प्रखंड कार्यालय के ठीक सामने अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मचारियों को ठहरने के लिए आवासीय परिसर बनाया गया है। इस परिसर में बीडीओ सावित्री कुमारी, एक राजस्व कर्मचारी, नाजिर, एक जेई ,कम्प्यूटर आपरेटर को छोड़कर एक भी अधिकारी-पदाधिकारी नहीं रहते हैं। जबकि आवास में बिजली, पेयजल, सहित सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

---

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर निकला जागरूकता रथ

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा मंगलवार को समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मंत्री संग मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब 50 वर्ष की आयु से अधिक की सभी महिलाओं एवं अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष भी पेंशन योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी के मद्देनजर ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने के मद्देनजर 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिले के शत-प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा सके।

---

### श्रीराम के चरित्र को उतारना सफल जीवन का मूलमंत्र



मझिआंव। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राधा कृष्ण मंदिर परिसर में श्रीश्री 108 बाबा कृष्ण नारायण दास के नेतृत्व में आयोजित शतचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ के तीसरे दिन मंदिर परिसर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने माता शीतला,राधारानी, सियाराम की परिक्रमा करते हुए साक्षात दर्शन कर रहे हैं। वहीं दोपहर दो बजे से रात्रि आठ बजे तक सुप्रसिद्ध कथा वाचक के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। कथा वाचक ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता देवता के रूप होते हैं । उन्हें सम्मान देना चाहिए। तभी आपको सम्मान मिलेगा। महेश स्वामी ने श्रीराम चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान राम ने अपने पिता के आदेशों को मानकर राजपाठ त्याग कर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। मौके पर नागेंद्र सिंह, गुड्डू पाठक, प्रेमानंद त्रिपाठी, संजय कमलापुरी, विवेक सोनी, पवन कुमार उपस्थित थे।

### बाइकों की टक्कर में दो गंभीर



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के रानीचेरी स्थित पुलिया पर मंगलवार की देर शाम दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही राजद नेता सह समाजसेवी मोहम्मद फरीद खान ने स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार रानीचेरी गांव निवासी पारा टीचर अशरफ मंसूरी चिनिया बाजार से सब्जी खरीद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे । तभी पीछे से बाइक से तेज गति से आ रहे चिनिया थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी बाबूलाल सिंह ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी मिलते ही चिनिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली व क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस सब इंस्पेक्टर सुखराव उरांव ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की ओर से सोमवार को शहर के उत्सव गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत का सभी ने जमकर आनंद लिया। कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि इस बैनर के तले अब तक हजारों गरीब असहाय लड़कियों की शादी कराई गई है। वहीं भ्रूण हत्या, बाल विवाह, दहेज प्रथा आदि कुरीतियों के खिलाफ झारखंड व बिहार में कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

### ग्रामीणों ने शिक्षकों के खिलाफ बुलंद की आवाज

**रंका।** प्रखंड के मूंगदह प्राथमिक विद्यालय के दो शिक्षकों के खिलाफ ग्रामीणों ने आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। डीसी को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय के शिक्षक जवाहर राम और डोमन राम के द्वारा स्कूल के बच्चों के साथ अनावश्यक रूप से मारपीट की जाती है। उक्त दोनों शिक्षकों के व्यवहार से छात्र और उनके परिजनों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि बच्चों के द्वारा कई बार इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं किये जाने से उनका हौसला बुलंद है। ग्रामीणों ने उक्त दोनों को तत्काल हटाने की मांग की है। डीसी को आवेदन देने वालों में अमृत सिंह, मंजर आलम, पुष्पा देवी, रीना देवी, प्रभु सिंह,ललन सिंह, सुरेश सिंह,शाहिद शामिल थे।

---

## दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भंडारे का होगा आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर का 18वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। इस बात की जानकारी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि इस पावन दिवस पर मंदिर को फूल-पत्तियों से आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। कलश स्थापना के बाद मंदिर प्रांगण में दुर्गा पाठ का आयोजन किया जायेगा। तत्पश्चात हवन के बाद नव कन्याओ के प्रसाद ग्रहण के बाद महाभंडारे का आयोजन किया जायेगा। विदित हो कि वर्ष 2006 में स्थानीय लोगों के द्वारा मंदिर स्थापना के बाद से ही पंडित रामचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में सुबह -शाम आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव विश्वजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, संतोष प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, मिठू गुप्ता, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार गुप्ता, रविन्द्र प्रसाद,गुड्डू पांडेय, उमेश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### तापमान परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप

**गढ़वा।** तापमान में परिवर्तन के साथ ही क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिला मुख्यालय के साथ ग्रामीण अंचलों में भी वायरल फीवर के साथ नागरिकों को सर्दी-खांसी की शिकायत बढ़ रही है। सदर अस्पताल सहित जिले के अन्य चिकित्सालयों में भी मौसमी बीमारियों से संक्रमित मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीण अंचलों में समुचित चिकित्सा सुविधा के अभाव में ग्रामीण झोला छाप चिकित्सकों का शरण लेने के लिये विवश हैं। लोगों ने सिविल सर्जन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये गांवों में शिविर लगाकर दवा-उपचार कराये जाने की मांग की है।

---

## तीन पंचायतों में लगा पेंशन शिविर, 613 आवेदन मिले

**राज्य वृद्धा पेंशन का लाभ लेने के लिये उमड़े लोग, उत्साह**

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड के बलिगढ़, केतार और लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में राज्य वृद्धा पेंशन योजना से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए शिविर लगाया गया। इस अवसर लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में मुखिया नीलम देवी, बलिगढ़. में मुखिया ललिता कुमारी और केतार में मुखिया प्रमोद कुमार ने पेंशन योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया की सभी वर्ग की महिला जिनकी उम्र 50-60 वर्ष के बीच है। उन सभी को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेगा। जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित



जनजाति वर्ग के पुरूष जिनका उम्र 50 वर्ष पूरा हो गया है। जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करें। उन्हें भी योजना का लाभ दिया जायेगा। शिविर के तहत लोहरगाडा.में 176, बलिगढ़. में 227 और केतार में 210 आवेदन ग्रामीणों ने जमा किया। जांचोपरांत योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, आदित्य कुमार, समन्वयक राकेश कुमार, रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, मनोज कुमार, विनय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, सिताराम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

**आक्रोश** — हेमंत की गिरफ्तारी के विरुद्ध झामुमो ने शुरू किया न्याय मार्च

## लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है केंद्र सरकार

**केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बनी है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है : मिथिलेश ठाकुर**

**पिछले 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनहित का कोई कार्य नहीं किया, बल्कि सिर्फ जाति एवं धर्म के नाम पर पूरे देश में लोगों को बांट कर रख दिया है**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध केंद्र सरकार द्वारा षड्यंत्र पूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुये झारखंड मुक्ति मोर्चा ने न्याय मार्च की शुरूआत की है। मंगलवार को गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह पंचायत से न्याय मार्च की शुरूआत की गई। इस न्याय मार्च में झामुमो ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली। जिले के सभी पंचायतों में न्याय मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान इमाम मौलाना खुर्शीद एवं मंदिर के पुजारी




हर्ष चौबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बनी है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने जनहित का कोई कार्य नहीं किया, बल्कि सिर्फ जाति एवं धर्म के नाम पर पूरे देश में लोगों को बांट कर रख दिया है। साथ ही केंद्र सरकार ने एक और काम किया है कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार नहीं बनी, जिस राज्य की जनता ने भाजपा को ठुकरा दिया। वहां केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार को प्रताड़ित करने एवं विकास कार्य को बाधित करने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि न्याय यात्रा का मकसद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनहित के किए गए कार्य एवं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा विकास को बाधित करने के लिए रचे जा रहे षड्यंत्र को जन-जन तक पहुंचाना है। मंत्री ने कहा कि झारखंड का विकास केंद्र सरकार को रास नहीं आया। तरह-तरह के हथकंडे अपना कर उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, विरेंद्र यादव, सुमेर चौधरी, मदनी खान आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुखिया शरीफ अंसारी ने किया। मौके पर मुख्य रूप से फैजूल अंसारी, अमित सिंह, अफजल अंसारी, भगवान राम, सफीक अंसारी, चंदा देवी, सोनी देवी, आराधना सिंह, शिवनाथ चौधरी, चंचल रवि, शंभू राम, सकीना बीवी उपस्थित थे।

---

### विधायक भानु सपत्निक करेंगे कन्यादान

**भवनाथपुर।** स्थानीय टाउनशिप में 28 फरवरी को नवजवान संघर्ष मोर्चा के स्थापित दिवस पर आयोजित होने वाले 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर क्षेत्र में जोरशोर से तैयारी की जा रही है। इस दौरान विधायक सपत्निक कन्यादान करने के साथ ही वर-वधू को उपहार भी देंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिक भी पूर्ण मनोयोग से जुट गये हैं। टोली में युवक घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरण के साथ भिक्षाटन कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर उत्सव का माहौल है। जगह-जगह वैवाहिक गीत गूंज रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम पूरे रश्मो-रिवाज के साथ संपन्न होगा। विधायक श्री शाही ने कहा कि उनका लक्ष्य एक हजार कन्याओं की शादी करवाने का है।



**खेसारी लाल बिखेरेंगे जलवा**

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव अपना जलवा बिखेरेंगे। नागरिक बेसब्री से अपने चहेते स्टार को देखने व सुनने के लिये बेताब हैं।

## एक नजर

### ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से मिले कांग्रेसी

**कैरो।** बीते दिनों भारी बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से फसल को हुए भारी नुकसान को लेकर मंगलवार को यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह ओडिशा प्रदेश यूथ कांग्रेस प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ कैरो व कुडू प्रखंड के गितिलगढ़, हुदू, तान, जिन्गी समेत अन्य गांव पहुंचकर किसानों से मिले और खेतों में लगी फसलों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि किसानों की क्षति पूर्ति की मांग को लेकर पदाधिकारियों से बात की जाएगी। उन्हें हर हाल में क्षतिपूर्ति मिलनी चाहिये। मौके पर प्रमुख श्रीराम उरांव, शिव उरांव, लछु उरांव, तिला उरांव, रोहित प्रजापति, अफरोज अंसारी, मंटू भगत, टेटे उरांव, रेलवा उरांव, सोनी तिर्की, बिनोद उरांव, राजू टाना भगत, अनीश अंसारी, सोनू उरांव, एहसान अंसारी, वसीम अंसारी, इमरान अंसारी, अनिता एक्का, ओलिवा तिर्की, प्रकाश भगत, छोटू उरांव उपस्थित थे।

# तीन मासूमों की एक साथ निकली शव यात्रा, सभी की आंखें हुईं नम

## एक साथ तीन मासूमों के शव देख करुणा क्रंदन से दहल उठा था जिलिंग गांव



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू के जिलिंग में एक ही परिवार की तीन मासूमो की शव यात्रा निकलने से गांव में शोक छा गया। शवयात्रा में शामिल गांव के हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर कर दिया गया। इस दौरान लोग बच्चों के पिता अशोक महतो और दादा चननु महतो को ढांढस बंधा रहे थे। ज्ञात हो कि शनिवार को खरसावां के कुम्हार साइन में कुंए में डूबने से तीन सगे भाई बहनों की मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही पूरे गांव के लोग के अलावे उनके रिश्तेदारों की भीड़ बच्चो का शव आने के इंतजार में जिलिंग स्थित अशोक के घर के बाहर जमा थे। सोमवार की रात लगभग साढ़े सात बजे तीनों बच्चों का शव खरसवा से कुडू के जिलिंग पहुचते ही घरवालो के साथ पूरे गांव के लोगों की आंखों में आंसू छलक पड़े। कोई ऐसा नहीं था जिनकी आंखों में आंसू नहीं था।

**क्या है पूरा मामला :** ज्ञात हो कि कुडू प्रखंड के जिलिंग निवासी चननु महतो का छोटा पुत्र अशोक महतो अपनी पत्नी पूजा महतो के साथ खरसावां थाना क्षेत्र के कुम्हार साइन में भाड़े का मकान में रहता था। बायफ में काम करने वाले अशोक का आये दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। बीते शनिवार को भी पत्नी से मायके जाने की बात को लेकर विवाद हुआ, लेकिन इस बार बात पुलिस तक पहुंच गई। पत्नी पूजा ने अशोक पर मायके नहीं जाने देने और अक्सर लड़ाई झगड़ा करने का आरोप लगाते हुए 100 नंबर पर डायल कर खरसवा थाने में इसकी शिकायत दर्ज करा दी थी। इसके बाद पुलिस ने अशोक को घर के झगड़े को तूल नहीं देने और मिलजुलकर रहने की हिदायत देकर लौटा दिया। इससे नाराज अशोक खरसवा से अपना घर जिलिंग चला आया। घटना के बाद पत्नी पूजा अपने तीनों बच्चों नौ वर्षीय कोमल कुमारी, पांच वर्षीय अनन्या कुमारी और दो वर्षीय बेटा आर्यन महतो के साथ कुएं में छलांग लगा दी थी। इस हादसे में तीनों मासूम तो असमय काल के गाल में समा गए, जबकि पूजा कुएं में लगी मोटर में लटककर बच गई।

### अबुआ आवास में गड़बड़ी की शिकायत

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में अबुआ आवास योजना के लिये विशेष ग्राम सभा सूची में लाभुकों की सूची में गड़बड़ी को लेकर डीडीसी को ज्ञापन सौंपा गया है। डीडीसी को दिए आवेदन में कुम्हरिया के ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभ लेने के लिए जातिवार आराक्षण के तहत लाभुकों की सूची तैयार किया जाना था, परंतु भंडरा प्रखंड में अल्पसंख्यक लाभुकों को ओबीसी कोटे में डाल दिया गया है। इस मामले को लेकर पूर्व में भी ग्रामीणों द्वारा बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को अवगत कराया गया था। इस स्थिति में ओबीसी, एसटी व एससी कोटे के लोगों को भारी नुकसान होगा। साथ ही कहा है कि गड़बड़ी को दूर करते हुए योग्य व कोटिवार सूची के तहत लाभुकों को योजना का लाभ दिलाया जाए। इस दौरान मुनिलाल साहू, भोला साहू, संजय उरांव, बिंदु साहू, सोनी कुमारी, मंटू साहू, सत्यनारायण साहू सहित ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल है।

# प्रमुख के खिलाफ निरस्त हुआ अविश्वास प्रस्ताव

**अभिषेक केशरी। चैनपुर (गुमला)**
चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव कोरम पुरा नहीं होने के कारण निरस्त हो गया। सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पर कार्यवाही शुरू हुई। 12 सदस्यों में तीन चौथाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार थी लेकिन केवल आठ सदस्य ही उपस्थित थे। पंचायती राज अधिनियम के धारा 33 के अनुसार तीन चौथाई से अधिक सदस्यों की उपस्थिति होनी चाहिए थी लेकिन अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कोरमा ही पूरा नहीं हो सका। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पर्याप्त सदस्यों की संख्या होने पर वोटिंग की प्रक्रिया का प्रावधान है। लिहाजा अविश्वास प्रस्ताव को एसडीओ ने निरस्त कर दिया। प्रस्ताव के अनुसार अब एक वर्ष तक प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता। विदित हो की चैनपुर प्रखंड में कुल पंचायत समिति सदस्यों की संख्या 10 है। वहीं विधायक व सांसद को मिलाकर सदस्यों की संख्या कुल 12 थी। प्रमुख को हटाने के लिए तीन चौथाई अर्थात 9 सदस्यों की उपस्थिति होनी चाहिए थी। हालांकि की इस कार्यवाही में आठ सदस्य ही उपस्थित हुए। अविश्वास प्रस्ताव निरस्त होते ही ओलिभा कांता कुजूर तीसरी बार चैनपुर प्रखंड की प्रमुख बन गई। इसके बाद प्रमुख के सहयोगियों व कार्यकर्ताओं ने चैनपुर बस स्टैंड में जमकर आतिशबाजी की। इधर प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि यह लोगों के भरोसा वह प्यार व आशीर्वाद है। बधाई देने वालो में झामुमो जिला उपाध्यक्ष शुशील दीपक मिंज, रामपुर पंचायत मुखिया दीपक खलखो, बजरंग कुमार, निशान्त रोनाल्ड टोप्पो, अनूप मिंज, राहुल कुमार, प्रकाश लकड़ा, वाल्टर कुजूर आदि मौजूद थे।

### शिवलिंग नीचे गिरने से ग्रामीणों में आक्रोश

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका ग्राम के पुश मेला टोंगरी स्थित शंभू महादेव शिवलिंग नीचे गिर जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। थाना प्रभारी तरुण कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने पुनः शिवलिंग की स्थापना करने की बात कही। थाना प्रभारी से पुलिस गश्ती लगाने की मांग की है।

### महाशिवरात्रि पर निकाली जाएगी कलश यात्रा

**गुमला।** शहर के सोसो मोड़ भलदम चट्टी स्थित मां दूधेश्वरी स्वयं शंभू धाम के प्रांगण में महाशिवरात्रि को लेकर बैठक हुई। इसमें आगामी 8 मार्च को महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। इसके लिए एक कमेटी बनाई गई, जिसकी अध्यक्ष जयंती देवी, उपाध्यक्ष श्वेता देवी, सचिव पुनम मिश्रा, सहसचिव सीता देवी, कोषाध्यक्ष अनिता सिंह, सह कोषाध्यक्ष शान्ती देवी बनाई गईं। महाशिवरात्रि के दिन दूधेश्वरीधाम में सुबह 8.30 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में राकेश कुमार सिंह, अनिल मिश्रा, धरमु गोप, अशोक कुमार साहू, मृत्युंजय कुमार, डॉ राजकुमार सिंह, शिबू गोप, आलोक कुमार, राज गोप, यशराज सिंह, कार्तिक मुंडा, भोला दास, आनंद किशोर पंडा, रमेश कुमार गोप आदि उपस्थित रहे।

### एसवीएम के नए प्रधानाचार्य बने रूपेश सिंह

**कुडू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नये प्रधानाचार्य के रूप में रूपेश कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया है। विद्यालय परिवार की ओर से नए प्रधानाचार्य का स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति की सचिव अनुराधा कुमारी और प्रभारी आचार्या पिंकी देवी द्वारा कार्यभार सौंपा गया। मौके पर कोषाध्यक्ष धीरज प्रसाद, विनय कुमार, सरस्वती विद्या मंदिर बड़की चापी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी आदि मौजूद थे।

### श्री राम समिति ने मनाई शिवाजी की जयंती

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति ने रुद चौक में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य व नगर अध्यक्ष दीपक साहू, समिति के पंडरा अध्यक्ष पवन साहू, माराडिह अध्यक्ष सूरज भारती, जिमा अध्यक्ष अक्षय कुमार मुख्य सहयोगी - ऋतिक पाठक, नितेश साहू, उमेश यादव, अक्षय कुमार, नीरज बैठा, शाहदेव साय, शशिकांत साहू, आनंद, सचिन, बिट्टू, उदय, अभिषेक, विकास, हर्ष, सुजल, करण, प्रेम, लोकेश आदि मौजूद थे।

### उप प्रमुख की पहल पर मिली ट्राईसाइकिल

**कुडू।** प्रखंड के उप प्रमुख एनुल अंसारी की पहल पर बाल विकास परियोजना की ओर से बारीडीह पंचायत के दिव्यांग नौशाद अंसारी को ट्राईसाइकिल मिली। मौके पर मौके पर बाल विकास परियोजना की सुपर वाइजर किरण माला, जय माला, विजय ठाकुर उपस्थित रहे।

### जिलास्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**लोहरदगा।** जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन बुधवार को किया जा रहा है। मेला अपराह्न 12.30 बजे से नया नगर भवन में लगेगा। मेले में करीब 20 नियोजक हिस्सा ले रहे हैं। मेला में न्यूनतम पांचवी एवं अधिकतम मैट्रिक, इंटर, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा पढ़े युवक युवतियां आधार कार्ड, उच्च शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी जेएसएलपीएस डीपीएम अनिता केरकेट्टा द्वारा दी गयी।

### रॉक क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**लोहरदगा।** राहत नगर के मोहल्ला में रॉक क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी संतोष कुमार द्वारा किया गया। मौके पर समाज सेवी आदित्य कुमार साहू, फिरोज अंसारी, आयोजन कमेटी के अध्यक्ष अवेस राजा, आदित्य कुमार साहू, मोहम्मद शमीम, फैजान राजा शमशाद अंसारी, सज्जाद आलम, इमरोज, गौसुल, गुलजार, इमरान आदि उपस्थित थे।

### वृद्धा पेंशन को लेकर शिविर का आयोजन

**चैनपुर।** प्रखंड की कातिंग समेत सभी पंचायतों में शिविर लगाकर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत तीन दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया गया। खबर लिखे जाने तक शिविरों में तीन सौ आवेदन प्राप्त किए जा चुके थे। मौके पर मुखिया मधुरा मिंज, पंचयत सचिन विश्व राम केवट, पंचयत के सभी वार्ड, उपमुखिया, प्रज्ञा केंद्र संचालक सुन्दरम कुमार आदि उपस्थित रहे।

### तोड़ार स्थित महावीर मंदिर में हरिकीर्तन शुरू

**सेन्हा।** मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में देवी मंडप के समीप स्थित महाबीर मंदिर में माघ शुक्लपक्ष एकादशी के अवसर पर मंगलवार से 24 घंटे का अंखड हरिकीर्तन का आयोजन ग्राम वासियों द्वारा किया गया है। इसमें बरही, सेरेंगहातु, ईटा, हेसवे, चौकनी, आरेया, बाजार डांडु, डोका, चंदवा गढ़गांव सहित प्रखंड क्षेत्र के कीर्तन मंडली शामिल हुई है। मौके पर अजय साहु, शरद यादव, रणजीत यादव, विजय साहु, आनंद साहु, बृजमोहन साहु, सतीश यादव, राजेश यादव, महाबीर साहु, अजय भगत आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया कंबल का वितरण

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के नेतृत्व में मंगलवार को सेन्हा प्रखंड स्थित बदला गांव में वृद्धाओं, गरीब, असहाय एवं विधवाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नव निर्वाचित सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू मौजूद थे।

### कुँडुख कत्था तोलोंग सिकि सप्ताह समारोह हुआ

**भंडरा।** सेमरा गांव स्थित पड़हा कुँडुख स्कूल पलमी में लोहरदगा जिला स्तरीय कुँडुख कत्था तोलोंग सिकि सप्ताह समारोह हुआ। इसका शुभारंभ डांडा काटना, आनाआदि प्रार्थना एवं सात पड़हा पलमी के देवान शनिचरण उराँव तथा गुमला जिला 9 पड़हा कोटवार गजेंद्र उरांव, सात पड़हा सिसई से देवान मटकू उरांव और विभिन्न कुँडुख विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने किया। समारोह में अद्दी अखड़ा के अध्यक्ष शरण उराँव, उपाध्यक्ष धरमशाह उराँव, सहायक प्रधानाध्यापक विनोभा भावे विश्वविद्यालय डॉक्टर शान्ति खलखो, डॉ. आगस्टिन केरकेट्टा, पड़हा कोटवार गजेंद्र उराँव, संयोजक पारंपरिक स्वशासनक वीर बुधु कुँडुख लुरकुडिया मेरले संजीव भगत, कार्तिक उराँव कुँडुख लुरकुडिया मंगलों अरविंद उराँव आदि मौजूद थे।


**कार्यालय:- नगर पंचायत मझिआँव**
E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक–155 ,न0पं0 / दिनांक–19.02.2024

**आम सूचना**

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत आमजनों को सूचित किया जाता है कि पशु चिकित्सालय के सामने नवनिर्मित वेंडिंग जोन में दुकान आवंटन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए दिनांक 27.02.2024 से दिनांक 28.02.2024 तक 1000/–(एक हजार रूपये) का बैक ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव के पदनाम से) या नगद कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र में अपना विवरण भर कर एवं निम्नवत् दस्तावेज स्वःअभिप्रमाणित संलग्न करते हुए दिनांक 29.02.2024 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य है। सभी प्राप्त आवेदन के जाँचोपरांत सही पाये गये आवेदनों में से दिनांक 01.03.2024 को लौटरी के माध्यम से दुकान आवंटन की प्रकिया की जायेगी।

भाग–01

| पशु चिकित्सालय के सामने | दुकान संख्या 01 | दुकान संख्या 02 | दुकान संख्या 03 |
|---|---|---|---|

भाग–02

| पशु चिकित्सालय के सामने | दुकान संख्या 10 |
|---|---|

आवश्यक दस्तावेज।
1. आवेदक का आधार कार्ड / पहचान पत्र की प्रति।
2. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटों ग्राफ 2 अदद्।

दुकान आवंटन हेतु नियम एवं शर्तः–
1. आवंटित दुकानदारों को प्रतिमाह 1000/–रूपयें किराया शुल्क देना अनिवार्य होगा जो माह के 01 से 05 तारिख के बीच जमा करना होगा। लगातार तीन माह का किराया जमा नही करने पर आवंटन रद् कर पुनः किसी अन्य को आवंटन कर दिया जायेगा। दुकान की संख्या से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर लौटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा।
2. दुकानदार को अपने दुकान के आस–पास साफ–सफाई रखना अनिवार्य होगा। गंदगी पाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना वसुल किया जाएगा।
3. दुकानदार विद्युत का कनेक्शन स्वंय से आवश्यकतानुसार ले सकते है जिसका व्यय भार स्वंय से वहन करना होगा।
4. सभी दुकानदार को ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य होगा।
5. दुकान आवंटन के पश्चात् निर्धारित समय के अन्दर एकरारनामा करना अनिवार्य होगा।
6. दुकान आवंटन के पश्चात 20000/–(बीस हजार) रूपये सुरक्षित जमा राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। जो दुकान छोडने के उपरांत वापस किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR.NO.319608 Urban Development(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–02 / 2023–24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक–27.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता / उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम नीलामी राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of Old CDPO Office Building, Old Tahsil Building , Old School Building , Old Alvester Roof Building, Old Building 1 and Old Building 2 for Proposed Construction of Community Health Centre (CHC) at Balumath Block in Latehar Dist. | 87,817.00 | 9000= 00 |

नीलामी की शर्ते निम्नवत हैः–
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन / पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) को जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा / मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नही अपितु नीलामी दाता की होगी।
5) नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी / संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल लातेहार।

PR 319625 Building(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–04 / 2023–24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–28.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता / उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम नीलामी राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of Existing Old Building at the Proposed Site of 100 Bedded SC Boys Hostel at Latehar | 126627.00 | 13000=00 |

नीलामी की शर्ते निम्नवत हैः–
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन / पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार** के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार** के पदनाम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) को जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा / मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नही अपितु नीलामी दाता की होगी।
5) नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी / संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल लातेहार।

PR 319628 (Building 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–01 / 2023–24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा **दिनांक–27.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक** इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता / उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम नीलामी राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling and Salvage Value of Old Constructed Referal Hospital Building for Proposed Construction of CHC at Garu in Latehar District | 1,40,530 =00 | 15000= 00 |

नीलामी की शर्ते निम्नवत हैः–
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राश्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन / पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार** के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार** के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) को जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा / मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नही अपितु नीलामी दाता की होगी।
5) नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी / संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल लातेहार

PR 319623 Building(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या–03 / 2023–24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुरानी भवनों को तोड़कर स्थल से हटाने हेतु नीलामी मुहरबन्द लिफाफे द्वारा दिनांक–28.02.2024 को 3:00 बजे अपराह्ण तक इस कार्यालय में प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी। नीलामी दाता / उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि चाहे, तो उपस्थित रह सकते है।

| क्र0सं0 | योजना का नाम | न्यूनतम नीलामी राशि | अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10 (दस) प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of Existing Building at the Proposed Site of 100 Bedded Girls Hostel for Sports at Latehar. | 32422.00 | 3200= 00 |

नीलामी की शर्ते निम्नवत हैः–
1) नीलामी दाता को अग्रधन के रूप में नीलामी मूल्य की 10(दस) प्रतिशत (न्यूनतम राशि) राश्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (आठवाँ निर्मम) या तीन / पाँच वर्षीय डाकघर सावधि जमा पासबुक के रूप में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार के पदनाम से प्रतिज्ञिप्त कराकर संलग्न करना होगा।
2) आदेश निर्गत होने के तीन दिनों के अन्दर उच्चतम नीलामी दाता को नीलामी की पूरी रकम बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार के माध्यम से निर्गत बैंक ड्राफ्ट (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा लातेहार में भुगतेय हो) को जमा कर देना होगा।
3) आदेश की तिथि से पन्द्रह दिन के अन्दर भवन को तोड़कर एवं कचरा / मलवा (Rubbish) को स्थल से हटाकर स्थल को समतल कर देना होगा एवं इसके पश्चात् ही अग्रधन की राशि वापस की जाएगी।
4) तोड़ने के क्रम में हुई किसी दुर्घटना की जिम्मेवारी विभाग की नही अपितु नीलामी दाता की होगी।
5) नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति भाग लेने के पूर्व भवन का निरीक्षण कर लें।
6) बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
7) विस्तृत जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी / संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल लातेहार।

PR.NO.319626 Building(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/15/2023-24_RE(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के डण्डई प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–लवाही के धोबी टोला में बघौता के पास मंगरदाहा नदी पर पुलिया निर्माण। | 94,08,148.00 | 1,88,200.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 21.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 21.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–29.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 319614 Rural Development(23-24).D

# किसान आंदोलन और राजनीति

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसानों से सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। किसान जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है। लगता है किसान समस्या का हल नहीं चाहते ऐसा होता तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है।किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है? भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं।

**किसान जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है। लगता है किसान समस्या का हल नहीं चाहते ऐसा होता तो बातचीत में विश्वास करते।**

इन दिनों

# अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण थे आचार्य विद्यासागर


नरेंद्र मोदी

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है।इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे।इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के



उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था। करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गये हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे। संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया, ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।', इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे।

**(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।)**

## आपकी बात

### पकड़ौआ शादी महत्वपूर्ण विषय

हिंदी दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के कार्यकारी


**विजय केसरी**
संपादक सह वरिष्ठ पत्रकार



सुनील बादल द्वारा लिखित 'समय की मांग है पकड़ौआ शादी के मूल कारणों की समीक्षा की' शीर्षक से प्रकाशित आलेख पर बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। पकड़ौआ विवाह एक सामाजिक कुरीति के रूप में हमारे सामने है। इस विवाह को संपन्न कराने में जिस तरह के अपराधिक कृत्य किए जाते हैं, यह कृत्य सामाजिक हो ही नहीं सकता है । ऐसे कृत्य सीधे तौर पर मौलिक अधिकारों के हनन के समान प्रतीत होता है। लड़का एवं उनके परिवार के इच्छा के विरुद्ध लड़का को बा जबरदस्ती अपहरण कर उसकी शादी किसी अनजान लड़की से करवा दिया जाना, किसी भी सूरत में उचित नहीं है। यह कृत्य सामाजिक मयार्दा के भी खिलाफ है। पकड़ौआ विवाह के एक दो दृष्टांत मुझे भी देखने को मिले हैं पर जो लड़की इसके घर की बहू बनी है, उसे वह सम्मान अब तक नहीं मिल पाया है, जो उसे मिलना चाहिए था । वह एक बहू के रूप में उस घर में जरूर रह रही है, लेकिन वह हर पल घुटन ही महसूस कर रही होती है । शादी के 18 - 20 वर्ष बीत जाने के बावजूद उस लड़की को जो सास - ससुर, पति और परिवार के अन्य सदस्यों का प्यार मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है।सामाजिक डर के कारण लड़का और उसके परिवार वाले उस लड़की को बहू बनाकर रख जरूर रहें हैं, लेकिन न लड़का खुश है और न लड़की खुश है । इसके साथ ही न लड़के के परिवार वाले खुश हैं । अब सवाल यह उठता है कि जिनकी लड़की इस घर में बहू के रूप में रह रही है, क्या उनके परिवार वाले खुश हैं ? मेरी दृष्टि में लड़की के मां-बाप और उनके परिवार भी खुश नहीं होंगे।अब सवाल यह उठता है कि इस तरह की अपारंपरिक पकड़ौआ विवाह करके लड़की के माता-पिता ने धन तो जरूर कुछ बचा लिया है। लेकिन दूसरी ओर लड़का और लड़की दोनों के जीवन? एक नरक सा बना दिया है। यह किसी भी मायने में उचित नहीं है।एक उत्कृष्ट आलेख के लिए हृदय से आभार।

**- हजारीबाग**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

सियासत

# श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह


**संजय तिवारी**

**देश** के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अद्धार्ली में हनुमान जी के लिये लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था।

**आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना अतिआवश्यक है।**


बोधि वृक्ष

## लातेहार जिले का मां उग्रतारा मंदिर

**फूल चढ़ाकर मांगा जाता है आशीर्वाद :** जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से यहां माता के चरणों में ग्यारह फूल चढ़ाता है और यदि फूल माता के चरणों से गिर जाता है तो यह समझा जाता है कि श्रद्धालु की मनोकामना पूरी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि माता की महिमा अपरंपार है। इसी कारण यहां दूर-दूर से साल भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं परंतु नवरात्रि के समय तो यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। प. बंगाल, बिहार समेत देश के कोने-कोने से आते हैं

**श्रद्धालुः** शाही परिवार के सदस्य गोकुल शाही ने बताया कि इस मंदिर में विराजमान माता की महिमा अपरंपार है। इसी कारण प. बंगाल, बिहार, ओडिशा समेत देश के कोने कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि 16 दिनों की दुर्गा पूजा की परंपरा काफी पुरानी है। वहीं, उदयनाथ शाही ने बताया कि यहां आने वाले प्रत्येक भक्त पर माता की कृपा बरसती है।


400 साल से भी पुराना है इतिहास

**रानी अहिल्याबाई ने भी की थी मंदिर में पूजाः** पलामू गजट में इस मंदिर का उल्लेख है. मंदिर के पुजारी अच्युतानंद मिश्र ने बताया कि इतिहास में दर्ज है कि रानी अहिल्याबाई भी माता की महिमा सुनकर यहां पूजा करने आईं थीं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव


**कुलभूषण उपमन्यु**

**देश** में विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। किन्तु जीवन के लिए आवश्यक हवा पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है। किन्तु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाति है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाय तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किन्तु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है तो आन्दोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इस लिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आन्दोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किन्तु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आन्दोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आन्दोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है। यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है। और यदि आन्दोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवनयापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थनीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है।

**कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है।**

टेक वर्ल्ड

## जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान

यह दृष्टिकोण सोरा को प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है, जो लंबे, अधिक गतिशील वीडियो का निर्माण करता है जो पारंपरिक फिल्म निर्माण तकनीकों को टक्कर देता है।

**लॉन्चिंग में है समय**

वर्तमान में सोरा को आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं करवाया गया है। सोरा आम यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं है। अब तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि इसे कब तक आमजनता के लिए उपलब्ध करवाया जायेगा।




वर्तमान में सोरा रेड टीम के लिए उपलब्ध है। ये टीम मूल रूप से एआई सिस्टम के खामियों को खोजती और फीडबैक देती है। ये टूल बेहद खास है टेक्स्ट के जरिये ही सभी कैरेक्टर वाले वीडियो का निर्माण हो सकता है। इसमें कई स्पेशल इफेक्ट और मल्टीपल शॉट्स भी उपलब्ध है। इस टूल की मदद से फोटो को एनिमेशन में बदला जा सकता है। इसकी जानकारी कंपनी ने अपने ब्लॉग में उपलब्ध कराई है।

(समाप्त)

**ट्रेन की कंफर्म टिकट पाने के लिए अपनाएं यह तरीका**

अगर आप भी यात्रा का प्लान कर रहें और आपको कंफर्म टिकट चाहिए तो इस तरह से बुक करें अपनी ट्रेन की टिकट, इस तरीके से आफ कंफर्म टिकट बुक कर सकते हैं। फेस्टिवल के दौरान ट्रेन में काफी भीड़ देखने को मिलती है। ट्रेन की कंफर्म टिकट कैसे बुक करें, हम इस आर्टिकल में टिप्स लेकर आये है। अक्सर कई बार हम सभी ट्रेन में सफर करते है लेकिन उसकी कंफर्म टिकट नहीं मिलती है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### पेंशन शिविर का शुभारंभ

**गिद्धौर।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मंगलवार से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर तीन दिवसीय शिविर लगाया गया। पहले दिन करीब डेढ़ सौ आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर मुखिया सरिता देवी, बेबी देवी, डेगन गंझु आदि उपस्थित थे।

### व्हाट्सएप नंबर लांच

**हंटरगंज।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने कस्टमर्स के सुविधा हेतु व्हाट्स बैंकिंग सर्विस को लॉन्च किया है। इसके लिए उन्हें बैंक के नए सर्विस नंबर 8750960179 को अपने रजिस्टर मोबाइल से मैसेज करना होगा। जेआरजीबी शाखा पांडेयपुरा के ऑफिसर मंटू कुमार, आकाश कुमार ने बताया कि सेवाओं के लिए आपका मोबाइल बैंक में रजिस्टर्ड होना चाहिए।

### पाइप लदा ट्रक व स्कॉर्पियो जब्त

**मयूरहंड।** दनदाहा घाटी व करमा बिरहोर टोला मोड़ के समीप सड़क किनारे छह माह से पड़े जलनल योजना में उपयोग होने वाले पाइप चोरी करने के उद्देश्य से ट्रक में लोड कर रहे चोर ग्रामीणों को देख ट्रक व एस्कार्पियो छोड़ भाग गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर पाइप लदे ट्रक एवं ड्राइवर समेत एस्कार्पियो को जब्त कर लिया। घटना लगभग दो बजे रात्रि की है।

### न्याय यात्रा निकाली

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड की बोदा पंचायत में न्याय यात्रा निकाली। इस दौरान झामुमो प्रखंड सचिव मो. इजहार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत फंसाया गया है। यात्रा में युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, विनय पासवान, सुधीर गंझू, शेराज अंसारी, सुमन सुनील सोरेंग, रंथु गंझू, राजेश कुमार, रतनु गंझू आदि मौजूद थे।

### आरओबी निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

**चंदवा।** कॉग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष बाबर खान ने मंगलवार को जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी है। बाबर खान ने उपायुक्त को चंदवा प्रखंड के बहुप्रतीक्षित समस्या टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी (ओवरब्रिज) निर्माण की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उपायुक्त गरिमा सिंह ने आरओबी निर्माण पर आ रही समस्याओं पर जल्द ही कोई रास्ता निकालने का आश्वासन दिया है।

### श्रद्धालुओं का जत्था तीर्थ धामों को रवाना

**महुआडांड़।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी से मंगलवार सुबह 11 बजे 30 श्रद्धालुओं का जत्था तीर्थ धामों के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे को हिंदू युवा वाहिनी के प्रमुख सदस्य मुकेश जायसवाल, शुभम गुप्ता ने भगवा झंडी देकर रवाना किया। तीर्थ यात्रा जाने वाले लालती देवी, सीताराम प्रसाद, हीरा प्रसाद, शीला देवी आदित्य प्रसाद, प्रमिला देवी, राजेश्वरी देवी गंगेश्वरी देवी, दशरथ प्रसाद, निर्मला देवी लालदेव प्रसाद, उमा देवी, कृष्ण प्रसाद, निर्मला देवी, मीना देवी, अनीता देवी, ममता देवी, शकुंतला देवी, शारदा देवी, बिगन प्रसाद, रूबी देवी, अंजली कुमारी, राजेश्वर प्रसाद, देवंती देवी, रूकमणि देवी, भोला सोनी सम्मिलित हैं। मौके पर रोहित सोनी, रंजीत गुप्ता, मोहित सोनी, कन्हैया लाल, गुड्डू गुप्ता मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट की सुनवाई

**टंडवा।** सामाजिक अंकेक्षण की पिछले चार माह से लंबित प्रखंड स्तरीय सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य तौर पर मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान उपस्थित रही। बेंती पंचायत में वित्तीय अनियमितता संबंधित कई मामले प्रकाश में आये। बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह ज्यूरी मेंबर नीरज तिवारी ने बताया कि पंचायत कर्मियों व भेंडर को कड़ी फटकार लगाते हुवे एक सप्ताह के अंदर मामला निष्पादित करने के निर्देश दिए गये। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, बीपीओ सुबोध पासवान आदि मौजूद थे।

### सम्मेलन 24 को

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत हराफू स्कूल मैदान में आदिवासी पाढ़ा समाज का जिला पाढ़ा राजा प्रभु दयाल उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें 24 फरवरी को होने वाली आदिवासी पाढ़ा स्वशासन व्यवस्था महासम्मेलन को लेकर चर्चा की गई।

# राजकीय महोत्सव की पहली शाम कलाकारों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव में पहले शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सबसे पहले कस्तूरबा गांधी विद्यालय इटखोरी की छात्राओं ने गणेश वंदना पर डांस कर दर्शकों को भक्ति में सराबोर कर दिया। वहीं छात्राओं द्वारा शक्ति रूप मां दुर्गा का रूप धारण कर बेहतरीन झांकी दिखाई गई। पद्मश्री मुकुंद नायक एंड ग्रुप के द्वारा झारखंडी दमकल झुमका गीत पर बेहतरीन नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सत्या ठाकुर एंड ग्रुप ने झारखंडी गीत गाकर दर्शकों को झुमाया। वहीं अल्ताफ राजा ने अपने सुरों से लोगों का दिल जीत लिया। अंत में भोजपुरी कलाकार अक्षरा सिंह ने अपनी सुरीली आवाज से मन माह लिया। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायधीश एसएन पाठक, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबू इमरान, एसपी राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसी पवन कुमार मंडल आदि मौजूद रहे। इससे पहले कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश एसएन पाठक इटखोरी कार्यक्रम में पहुंचे। न्यायधीश के आगमन पर प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायधीश राजेश सिंह, उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने उनका स्वागत किया।

**भाजपाइयों में देखी नाराजगी :** महोत्सव के उद्घाटन पर भाजपा विधायक किशुन कुमार दास को संबोधन का मौका नहीं मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी देखी गई। पूर्व में भी चोरकारी पावर ग्रिड के उद्घाटन कार्यक्रम में भी बोलने का मौका नहीं मिला था। कार्यकताओं ने इसकी शिकायत सांसद सुनील कुमार सिंह से की।




## इटखोरी के पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक महत्व पर हुई संगोष्ठी

**इटखोरी।** इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को भद्रकाली मंदिर परिसर में इटखोरी के पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक महत्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। रांची के अधीक्षण पुरातत्वविद राजेन्द्र देहरी ने कहा कि इतिहास और पुरातत्व दोनों में समानता है। यहां तीनों धर्म से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्राचीन प्रतिमाएं व पुरातात्विक अवशेष प्राप्त हुए हैं। खुदाई इसका साक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि खुदाई में प्राप्त अवशेष के बारे में रीसर्च करने की जरूरत हैं। धार्मिक के क्षेत्र में इटखोरी को सजाने व संवारने की जरूरत है। वहीं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विवेक आशीष बाखडा ने कहा कि पुरातात्विक कभी झूठ नहीं बोलते। पुरातात्विक चीज बिल्कुल प्रमाणित होती है। पुरातात्विक चीज महायान शाखा से संबंधित है। विस्तार के तौर पर इटखोरी बौद्ध ही नहीं जैन धर्म का भी स्थल रहा है और तीनों धर्मो का संगम है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर



डॉक्टर एसके पांडेय ने कहा कि इटखोरी में हीं गौतम बुद्ध आए थे। इटखोरी में कई संस्कृतियों की झलक मिलती है। प्रोफेसर नीरज मिश्रा ने कहा कि हजारीबाग के सोहरा, दैहर मानगढ़ और चतरा के पत्थलगड्डा एवं इटखोरी के विभिन्न गांवों में भी अवशेष प्राप्त हुए हैं। सेमिनार में चतरा जिले के आला अधिकारी की उपस्थिति नदारद रही। यहां कुछ देर के लिए एसी पवन मंडल और एसडीओ सुरेंद्र उरांव रहे। मौके पर भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर, श्याम प्रसाद सिंह, समाजसेवी देव कुमार सिंह और 20 सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

# दहशत फैलाने के लिए उग्रवादियों ने ईंट भट्ठे पर की ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र की बोदा पंचायत के चिरो गांव के पास सोमवार की रात ए वन मार्का नामक एक ईंट भट्ठे में उग्रवादी संगठन ने दहशत फैलाने के लिए जमकर गोलीबारी की। घटना में एसजेएमएम संगठन के राहुल सिंह दस्ते के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे चार पांच की संख्या में उग्रवादी अचानक से ईंट भट्ठा में आ धमके और वहां हवाई फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों ने मौके से ही भठ्ठा संचालक को वाट्सएप कॉल पर धमकी भी दी। भठ्ठा संचालक अमित कुमार ने बताया कि रात में ही मेरे मोबाइल फोन पर एक वाट्सएप कॉल आया कॉल करने वाले ने धमकी दी और कहा कि बात नहीं मानोगे तो अंजाम बुरा होगा। भठ्ठा संचालक कहा कि पूर्व में भी लेवी के लिए फोन आते



रहे हैं। जब उन्हें लेवी नहीं दिया गया तो उन्होंने गोलीबारी की घटना को अंजाम देने का काम किया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्रवादियों ने ईंट भट्ठे पर करीब 20 से 25 राउंड फायरिंग की है। भट्ठे के समीप स्थित ऑफिस के दरवाजे में भी गोली लगने के निशान मौजूद हैं। इस दौरान उग्रवादियों ने भट्ठे के मजदूरों को भी धमकी दी और उनके साथ धक्का मुक्की कर उन्हें डराया धमकाया। घटना की सूचना मिलते ही पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम पूरे दल बल के साथ रात में ही घटनास्थल पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी। पुलिस बल के आने से पूर्व ही अपराधी वहां से निकल चुके थे। पुलिस द्वारा घटना स्थल से खोखा भी बरामद किया गया है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने घटना में किसी आपराधिक गिरोह के शामिल होने का अंदेशा जताया है। कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

खुद को एसजेएमएम संगठन का सदस्य बताने वाला राहुल सिंह पुलिस के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। बीते वर्ष नवंबर माह में चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी हत्याकांड में भी राहुल सिंह का नाम सामने आया था। उक्त हत्याकांड में वीडियो जारी कर उसने सदीक अंसारी की हत्या की जिम्मेवारी भी ली थी। अब उसने दहशत फैलाने की नियत से ईंट भट्ठा में ताबड़तोड़ फायरिंग कर पुलिस को फिर से चुनौती देने का काम किया है।

# वृद्धावस्था पेंशन के लिए आए 154 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को लेकर कामता पंचायत सचिवालय में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 22 फरवरी शाम चार बजे तक चलेगा। शिविर में सभी वर्ग की महिलाओं तथा अनसूचित जाति व जनजाति वर्ग के योग्य लाभूक पेंशन के लिए फार्म जमा किया। पहले 60 वर्ष के बाद वृद्धावस्था पेंशन सरकार देती थी लेकिन राज्य सरकार साठ वर्ष से घटाकर अब 50 वर्ष कर दिया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, पंचायत सचिव प्रमोद गंझु, ग्राम प्रधान पचु गंझु, डीलर शाहिद खान, कम्प्यूटर आपरेटर दीपू कुमार, सेविका सुष्मा वैद्य, नयर सुलताना, मीना देवी, शनिचरीया देवी, जोर्जन मिंज, मीना देवी, सरोज देवी, देवंती देवी, सहायिका आशा कुमारी आदि उपस्थित थे।

**पेंशन के लिए प्राप्त हुए 67 आवेदन : बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत भवन परिसर में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 67 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर मुखिया सुरेश उरांव, पंचायत सेवक शेराफेनुस खलखो, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव. रिंकू यादव, संजय कुमार, सुनील कुमार, भोला राम आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2023–24 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए झारखण्ड राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के लिए पूर्व से निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार से तिथि विस्तारित की जाती है :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि। | 29-02-2024 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2023–24 हेतु छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि। | 05-03-2024 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 15-03-2024 |

2. जिन शैक्षणिक संस्थानों के छात्र–छात्राओं को सत्र 2022–23 में किसी पाठ्यक्रम के अन्तर्गत छात्रवृति के लिए योग्य पाया गया है वैसे शैक्षणिक संस्थानों को उसी पाठ्यक्रम के लिए पुनः पंजीकरण हेतु आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उक्त अन्तर्गत Renewal के तहत छात्र–छात्रा सीधे ई–कल्याण पोर्टल पर 2023–24 के लिए केवल अपना Bonafide एवं 2022–23 का उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र अपलोड करेंगे।

नोट :– अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार (Website- ekalyan.cgg.gov.in) पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 319723 Welfare(23-24).D



## कार्यलिय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
**($2^{nd}$ call)**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 17/2023-24
पत्रांक–81 लातेहार/दिनांक–19.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | तेंदुआटाड़ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण प्रखंड–,सरयु जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 68.004 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 26.02.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.03.2024 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 18.03.2024 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.03.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 319674 Water Resource(23-24).D



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**
**($2^{nd}$ call)**

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 18/2023-24
पत्रांक–82 लातेहार/दिनांक–19.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ठोकरिया बाधार नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड–,सरयु जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 51.577 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 26.02.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.03.2024 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 18.03.2024 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.03.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 319677 Water Resource(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09RI/2023–24/ EE/RWD/DALTONGANJ** दिनांक–20.02.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/10/23-24 | पांकी | 1 | नावागढ़ से अषरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.30कि0मी0 | 1151.579 | ग्यारह करोड़ एक्कावन लाख संतावन हजार नौ सौ0 रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | पांकी | 2 | लेहरसी से तितलंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | पांकी | 3 | लोहरसी से पिपराटांड नौडीहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.50कि0मी0 | | | | |
| | | पांकी | 4 | पांकी पीच रोड से चोरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.50कि0मी0 | | | | |
| | | पांकी | 5 | टाटीदीरी से हटबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.25कि0मी0 | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/12/23-24 | सतबरवा | 1 | एन0एच0–75 से लंका भाया पिपराकला, हड़वाचट्टान, राखीकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 11.40कि0मी0 | 1125.706 | ग्यारह करोड़ पच्चीस लाख सत्तर हजार छः सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | सतबरवा | 2 | ट्रेनिंग स्कूल पोंची से लेदवाखांड़ भाया मानासोती बारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 9.717कि0मी0 | | | | |

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/13/23-24 | चैनपुर | 1 | पतरिया कलां से गंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.80कि0मी0 | 1044.452 | दस करोड़ चौवालीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | चैनपुर | 2 | पथरा से भैरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | लिधकी (पूरबडीहा) से चेड़ाबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | लाली से बहेरा खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड खुरा षिव बेल बाजार चौक से बहेरा होते हुए बरकत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.24कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 6 | बोकया कलां से दुलही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 7 | केवाल पर संजय डॉक्टर के घर से झरिवा नाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 8 | रामपुर (पुरबडीहा) से लोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.60 कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 9 | मंझीगांवा लिधकी रोड से मझिगांवा तालाब तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.235कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 23.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 07.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.03.2024 पूर्वाहन 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 319659 (District)23-24*D



## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लातेहार

सुनहरा अवसर सुनहरा अवार

**रिक्ति की सूचना**

**एक दिवसीय रोजगार मेला – 2024** दिनांकः 23/02/2024

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक : 24.02.2024 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 03:30 बजे तक जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला 2024 आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CHAITANYA INDIARIN CREDIT CARD PRIVATE LIMITED | C.R.E | 50 | $10^{th}$-12th | - | Fresher | 18-28 | 10200-13000 |
| 2 | TRACKS AND TOWER INFRATECH (P) LTD | AUTOCAD ENGINEER | 1 | AUTOCAD ENGINEER | - | 3 | 35 | 25000 |
| | | P-WAY ENGINEER | 2 | B.TECH (CIVIL) | - | 3 | 35 | 25000 |
| 3 | NEW ALLENBERRY WORKS Faridabad HARAYANA | TRAINEE | - | ITI DIPLOMA HIGH SCHOOL | - | BOTH | 18-32 | 13K-18K |
| 4 | CIDC BYE PASS DALTONGANJ | PLUMBER | 50 | 10TH | $12^{TH}$ | FRESHER | 18-35 | 12K To 16K |
| | | ELECTRICIAN | 50 | $10^{TH}$ | $12^{TH}$ | FRESHER | 18-35 | 12K To 16K |
| | | GWS | 50 | $10^{TH}$ | 12TH | FRESHER | 18-35 | 12K To 16K |
| 5 | VPR-BGR-PLR-CONSORTIUM MAGADH OCP | ASST.MECH | 05 | | $10^{TH}$+ITI | - | 18-30 | 7000+FOOD+ACCOMODATION |
| 6 | SYNNOVA GEAR & TRANSMISSION PVT LTD RAJKOT,GUJARAT -360311 | CNC OPERATOR | 100 | 10TH | 12TH | NO | 18-35 | 13800 CTC |
| | | QUALITY | 100 | ITI | ITI | NO | 18-35 | 14800 CTC |
| | | MAINTENANCE | 100 | DIPLOMA | DIPLOMA | NO | 18-35 | 16000 CTC |
| | | QUALITY/MAINTENANCE | 50 | B.TECH | B.TECH | NO | 18-35 | 17000 CTC |
| 7 | G.S.A FOUNDATION SANAND AHMEDABAD , GUJARAT | MACHINE OPERATOR | 70 | $10^{TH}$ PASS | ITI | NO | 18-36 | 13K -15K |
| | | QUALITY | 70 | ITI | DIPLOMA | NO | 18-36 | 14K-15K |
| | | MAINTENANCE | 70 | ITI | DIPLOMA | NO | 18-36 | 14K-15.5K |
| 8 | CREDITACCESS GRAMEEN LIMITED OPP-DHONI FARM HOUSE ,RANCHI | TRAINEE KENDRA MANAGER | 50 | $12^{TH}$,ITI | $12^{TH}$,ITI AND GRADUATION | ONLY FRESHER | 18-29 | 12250 (CTC) |
| 9 | L.I.C OF INDIA LIC OFFICE LATEHAR | LIC AGENT | 10 | - | 10TH | | 18-50 | COMMISSION |
| 10 | FREEDOM EMPLOYABILITY ACADEMY VALMIKI TEMPLE 1 VASANT GAON NEAR C8/8 VASANT VIHAR , NEW DELHI | TEACHER (FACILITATOR) | 10 | - | GRADUATION (ANY STREAM) | - | 18-45 | 12000 |
| 12 | SPARROW SOFTECH PVT LTD SHAHIDANAND CHOWK ,RANCHI | TAX COLLECTOR | 10 | INTERMEDIATE | - | - | 18 Above | 10K CTC |
| 13 | KALYAN GURUKUL MANIKA ,LATEHAR | MOBILE ASSEMBLY(FEMALE) | 50 | $10^{TH}$ | 12TH | - | - | - |
| | | SMO (FEMALE) | 50 | 7TH | 12TH | - | - | - |
| | | WIRE HARNESS (FEMALE) | 50 | 10TH | 12TH | - | - | - |
| | | TILES | 50 | 5TH | 12TH | | - | |
| 14 | INDIAN INSTITUTE OF SKILL DEVELOPMENT | TRAINEE | 100 | $10^{TH}$ | 10+2 | - | 18-20 | MINIMUM 50% ON 10TH |
| 15 | CAIT Edusys Pvt. Ltd. Pune | TRAINEE | 50 | Diploma | - | - | 18-30 | 14500/- |
| 16 | Nagdi Pune Maharashtra 411044 | Company Rdi | 120 | ITI All Traid | - | - | 18-30 | 15500/- |
| | | DET | 90 | $10^{th}$ Graduate, $12^{th}$ | - | - | 18-30 | 16000/- |

नोटः– एक दिवसीय रोजगार मेले में आने वाले कम्पनियों की संख्या घट/बढ़ सकती है।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा (2कॉपी) , नियोजनालय का निबंधन कार्ड व स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र का छाया प्रति के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। उक्त मेले में कोविड–19 के नियमों **(SOP)** का दृढ़ता पुर्वक अनुपालन किया जाएगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in /जिला नियोजनालय, लातेहार के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविश्य के शुभकामनाओं के साथ

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.319725 Labour Employment and Traning(23-24):D

# चौथे टेस्ट में गेंदबाजी कर सकते हैं बेन स्टोक्स



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह बेन स्टोक्स को गेंदबाजी करने के लिए टोकेंगे जरूर लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गेंदबाजी में स्टोक्स की प्रगति इंग्लैंड के लिए एक अच्छा संकेत है। स्टोक्स इस दौरे पर नेट्स में गेंदबाजी का लगातार अभ्यास कर रहे हैं। राजकोट टेस्ट से पहले भी स्टोक्स को 20 मिनट तक गेंदबाजी का अभ्यास करते देखा गया था। हालांकि स्टोक्स ने इस सीरीज में अपनी गेंदबाजी की संभावना को लेकर हां या ना में जवाब नहीं दिया था। सोमवार को मैकुलम ने स्टोक्स के आत्मविश्वास की जमकर सराहना की लेकिन वह नहीं चाहते कि एक कप्तान होने के नाते स्टोक्स बिना मतलब के जोर लगाएं। मैकुलम ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि वह अपने आप को ऐसी स्थिति में ले आए हैं, जहां उनको लगता है कि अब वह गेंदबाजी कर सकते हैं। लेकिन मुझे बेन की होशियारी पर पूरा भरोसा है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेंगे जब तक उन्हें इस बात का पूरा भरोसा नहीं हो जाता कि वह गेंदबाजी कर सकते हैं।' ऑलराउंडर के रूप में स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड की प्लेइंग कसंतुलित बन सकती है। पहले दो टेस्ट में सिर्फ.एक तेज गेंदबाज के साथ खेलने वाली इंग्लैंड टीम को तीसरे टेस्ट में दो तेज गेंदबाजों को खिलाने के लिए शोएब बशीर को बाहर बैठाना पड़ गया था। शुक्रवार को रांची में खेले जाने वाले चौथा टेस्ट शुरू होने में अब ज्यादा समय बाकी नहीं रह गया है। इंग्लैंड रांची में ओली रॉबिंसन को मौका दे सकता है। अगर स्टोक्स गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं तब इंग्लैंड के पास दो तेज गेंदबाज और चार स्पिनर के साथ खेलना मुमकिन हो सकता है। अपने टेस्ट करियर में स्टोक्स ने अब तक कुल 197 विकेट लिए हैं। रांची में 2019 में खेले गए टेस्ट मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पारी और 202 रन से हराया था। हालांकि मैकुलम ने कहा है कि उन्होंने अभी तक पिच को नहीं देखा है। मैकुलम ने कहा, 'जाहिर तौर पर हमने अभी तक पिच को नहीं देखा है लेकिन मुझे लगता है यहां गेंद स्पिन होगी। हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं और उन्होंने पहले तीन टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन भी किया है।

## राजकोट में बुरी तरह आउट होने के बाद रूट को 'बैजबॉल' दृष्टिकोण छोड़ देना चाहिए : इयान चैपल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल का मानना है कि तीसरे टेस्ट में रिवर्स रैंप शॉट पर आउट होने के बाद जो रूट को 'बैजबॉल' दृष्टिकोण छोड़ देना चाहिए और 'अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए'। चैपल ने अपना स्वाभाविक खेल खेलते समय रूट के कौशल पर जोर दिया और सुझाव दिया कि दृष्टिकोण में आमूल-चूल बदलाव अपनाने का प्रयास अनावश्यक था। चैपल ने नाइन वाइड से कहा, 'रूट का सामान्य रूप से खेलने का रिकॉर्ड बहुत अच्छा था और वह सामान्य रूप से खेलते हुए भी एक तेज स्कोरर थे। मुझे समझ नहीं आता कि वह चीजों को इतनी तेजी से बदलने की कोशिश क्यों कर रहे हैं और मैंने कभी नहीं माना कि आपको पूर्व नियोजित शॉट खेलने चाहिए।' रूट के हालिया आंकड़े कोई अच्छी तस्वीर पेश नहीं करते, खासकर ब्रेंडन मैकुलम के कार्यकाल से पहले उनके शानदार फॉर्म की तुलना में। ब्रेंडन मैकुलम के पदभार संभालने के बाद से रूट का औसत 50.12 है - जो उनके करियर औसत 49.32 से थोड़ा अधिक है। चैपल ने परिस्थितियों और गेंदबाजों के अनुसार खेलने के महत्व को रेखांकित किया, यह स्वीकार करते हुए कि आक्रामकता को स्थितिजन्य जागरूकता से नियंत्रित किया जाना चाहिए। 'आप हमेशा ऐसा नहीं कर सकते - यह परिस्थितियों के अनुसार होना चाहिए और यह भी कि कौन गेंदबाजी कर रहा है। कुछ गेंदबाजों पर आप दूसरों की तुलना में बहुत तेजी से रन बना सकते हैं, लेकिन जब वास्तव में एक अच्छा गेंदबाज अच्छा स्पैल फेंक रहा हो, तो आप कोशिश करने और इससे लड़ने के लिए तैयार रहें और अपने आप से सोचें 'ठीक है, जब वह चला जाएगा, तो यह थोड़ा आसान हो जाएगा।'

## भारत को हराने के लिए आपको बेस्ट देना होगा : मैथ्यू हेडन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने मेजबान भारत के मजबूत घरेलू रिकॉर्ड की सराहना की है। उन्होंने रोहित शर्मा एंड कंपनी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जीतने के लिए पसंदीदा के रूप में देखा है। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, 'मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से भारत है। मैं आज सुबह परिणाम देख रहा था और सोचा कि भारत, एक भ्रमणशील पक्ष के रूप में इस कारण से एक चुनौती है। यह ऊर्जा और उस संसाधन के संरक्षण की लड़ाई है, जो बहुत सीमित है।' हेडन ने भारत में मेहमान टीमों के सामने आने वाली मानसिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, जहां भीड़ की अथक ऊर्जा और प्रतियोगिता का तीव्र दबाव भारी पड़ सकता है। उन्होंने उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संयम और ध्यान बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया, एक ऐसी परीक्षा जिसे पास करने के लिए इंग्लैंड को लगातार संघर्ष करना पड़ा है।

## इंग्लैंड के लिए भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा : ग्रीम स्मिथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में अपनी संभावनाओं के बारे में इंग्लैंड को आगाह करते हुए कहा है कि अगर मेजबान टीम आगे निकल गई तो उन्हें पकड़ना मुश्किल होगा। भारत में खेलने की अपनी पसंदीदा शैली पर कायम रहने और अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी चालों पर विचार करने के लिए मजबूर करने के लिए बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की प्रशंसा करते हुए, अब क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक स्मिथ ने आगाह किया कि आगे चलकर भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा। विजडन ने स्मिथ के हवाले से कहा, 'हमेशा बहुत सारी प्रतिभाएं रही हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने डर को दूर कर दिया है। लोगों को काफी सुरक्षा प्रदान की है और खेल को वास्तव में सकारात्मक तरीके से देखते हैं। इंग्लैंड निश्चित रूप से जिस तरह से खेलना चाहता है, उस पर कायम है।" पूर्व प्रोटियाज बल्लेबाज ने इंग्लैंड को मानसिक रूप से तरोताजा रहने और अपने गेम प्लान के तहत रहने की सलाह दी, क्योंकि भारत के खिलाफ कड़ी मेहनत, मैदान में लंबे समय तक रहने के साथ-साथ भीषण गर्मी, श्रृंखला के आगे बढ़ने के साथ उन्हें थका सकती है।

## जायसवाल की तारीफ पर नासिर हुसैन ने बेन डकेट पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बेन डकेट की उस टिप्पणी पर निशाना साधा है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजकोट टेस्ट में भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का आक्रामक रुख इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति से प्रभावित था। जायसवाल के शानदार नाबाद दोहरे शतक ने भारत को शानदार जीत दिलाई जिससे इंग्लैंड को मौजूदा श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। राजकोट टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में बोलते हुए डकेट ने शतक के लिए जायसवाल की प्रशंसा की, लेकिन यह भी कहा कि 'जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें (इंग्लैंड को) कुछ श्रेय लेना चाहिए।' डकेट की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, हुसैन ने कहा कि जायसवाल की सफलता इंग्लैंड की रणनीति के किसी प्रभाव के बजाय उनकी कड़ी मेहनत और आईपीएल जैसे टूर्नामेंटों में मिले अनुभव से आई है। इस श्रृंखला में जायसवाल के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें सीरीज का अग्रणी रन-स्कोरर बना दिया है। उन्होंने 109 के औसत और 80 से अधिक की स्ट्राइक रेट से कुल 545 रन बनाए हैं । श्रृंखला में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए हुसैन ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम से अपनी गलतियों का विश्लेषण करने और रांची में चौथे टेस्ट से पहले आवश्यक समायोजन करने का आग्रह किया।

# कैंप में आत्मविश्वास काफी ऊंचा है : हार्दिक



**राउरकेला (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023/24 में शानदार प्रदर्शन कर रही है, और निर्धारित समय के भीतर अपने पांच मैचों में से दो में जीत हासिल करने में कामयाब रही है। नीदरलैंड पर 2-2 (4-2 शूट आउट) और स्पेन पर 2-2 (8-7 शूट आउट) की शूटआउट जीत के साथ बोनस अंक अर्जित किए। भारत की एकमात्र हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई। भारत ने भुवनेश्वर में स्पेन पर 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। इसके बाद दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड के खिलाफ शूटआउट में 2-2 (4-2) की रोमांचक जीत हासिल की। फिर, भारत को ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ वापसी की और भुवनेश्वर चरण का समापन शानदार तरीके से किया। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण में आगे बढ़ते हुए भारत ने एक करीबी मुकाबले में स्पेन के खिलाफ 2-2 (8-7) शूटआउट जीत हासिल करके गति बनाए रखी।भारत बुधवार को प्रसिद्ध बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में प्रो लीग के रिवर्स लेग में अपने अगले मैच में नीदरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पिछले दो मुकाबलों में नीदरलैंड के खिलाफ विजयी रही है। उनकी ताजा जीत 11 फरवरी को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुई। उस मैच में 1-2 से पिछड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर किया और आखिरकार शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

# दिल्ली कैपिटल्स ने महिला टीम की जर्सी का किया अनावरण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) 2024 के लिए अपनी महिला टीम की जर्सी का अनावरण कर दिया है। साथ ही डीपी वर्ल्ड और दिल्ली कैपिटल्स की आपस में दीर्घकालीन साझेदारी की घोषणा हुई है। स्मार्ट एंड-टु-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड अब डब्लूपीएल 2024 से दिल्ली कैपिटल्स की महिला टीम की टाइटल पार्टनर होगी। इस साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स के साथ डीपी वर्ल्ड के संबंधों को मजबूती मिलेगी। भारत में क्रिकेट के खेल को बढ़ावा देने के लिए कई पहल एवं प्रयास किए गए हैं। डीपी वर्ल्ड में हम इस साझेदारी के माध्यम से क्रिकेट में प्रतिभाओं को निखारने के लिए निवेश कर रहे हैं। क्रिकेट की इन प्रतिभाओं ने खेल के लिए अपनी प्रतिभा, दृढ़ता एवं जोश को लगातार प्रदर्शित किया है। वर्तमान समय में डीपी वर्ल्ड दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष टीम के साथ ग्लोबल लॉजिस्टिक्स पार्टनर के रूप में जुड़ी है और इस साझेदारी को महिला टीम के लिए विस्तार देने का हमें गर्व है। हम इस खेल को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों के प्रति समर्पित हैं। नई साझेदारी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के अंतरिम सीईओ सुखविंदर सिंह ने कहा, "महिला टीम की टाइटल पार्टनर के रूप में डीपी वर्ल्ड को अपने साथ जोड़ने की दिल्ली कैपिटल्स को खुशी है। महिलाओं के खेल के प्रति डीपी वर्ल्ड की प्रतिबद्धता सराहनीय है और इस साझेदारी से ज्यादा रोमांचक कुछ नहीं हो सकता है। हमारी आईपीएल टीम के साथ सफल साझेदारी के बाद यह गठजोड़ एक स्वाभाविक प्रक्रिया से हुआ गठजोड़ है। हम आगामी सीजन की शुरूआत स्टाइल के साथ करने के लिए तैयार हैं और ऐसे में यह साझेदारी दिल्ली कैपिटल्स और डीपी वर्ल्ड दोनों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है।' इस साझेदारी के तहत दिल्ली कैपिटल्स लॉजिस्टिक्स सेक्टर की अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड को उसकी बियॉन्ड बाउंड्रीज इनीशिएटिव में भी मदद करेगी। इस पहल के तहत डीपी वर्ल्ड अपने इंटरकनेक्टेड ग्लोबल नेटवर्क और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स क्षमता का लाभ लेते हुए 50 रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर डिजाइन एवं डिस्ट्रीब्यूट कर रही है।

## रियो ओपन खिताब की रक्षा के लिए जीत के साथ कैमरून नोरी ने किया आगाज

**रियो डी जेनेरो (एजेंसी)।** ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने अपने रियो ओपन खिताब की रक्षा के लिए एक बेहतरीन शुरूआत करते हुए ह्यूगो डेलियन को 6-3, 6-2 से हराया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे वरीय ने अपने सामने आए एकमात्र ब्रेक प्वाइंट को बचाया और अपने सात अवसरों में से तीन को भुनाकर सोमवार रात को एक घंटे और 22 मिनट के बाद एटीपी 500 के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नोरी का अगला मुकाबला चिली के टॉमस बारियोस से होगा, जिन्होंने ब्राजीलियाई वाइल्ड कार्ड गुस्तावो हेइड को 7-5, 6-3 से हराया। अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने साथी अर्जेंटीना फ्रांसिस्को कोमेसाना के खिलाफ 6-1, 1-6, 6-2 से जीत के साथ तीन मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट का दूसरे दौर में स्पैनियार्ड अल्बर्ट रामोस-विनोलास से मुकाबला होगा। एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 17 खिलाड़ी, रामोस-विनोलास ने पेरू के जुआन पाब्लो वरिल्लास को दो घंटे और 44 मिनट के बाद 3-6, 6-3, 7-5 से हराया।

# सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी को मिला क्रिकइंफो अवॉर्ड 2023



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईएसपीएनक्रिकइंफो अवॉर्ड के 17वें संस्करण की पुरुष श्रेणी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शतकीय पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड को पुरुष क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज का अवॉर्ड मिला है। हालांकि वनडे में हेड यह अवॉर्ड नहीं जीत पाए, बावजूद इसके कि उन्होंने बीते एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भी शतकीय पारी खेली थी। वनडे में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का यह अवॉर्ड उनके ही हमवतन ग्लेन मैक्सवेल को गया, जिन्होंने विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में पहुंचाया था। पुरुषों में वनडे के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवॉर्ड मोहम्मद शमी को गया। शमी ने एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट चटकाए थे। शमी के इस प्रदर्शन की बदौलत भारत फाइनल में पहुंच पाया था। पिछले एक दशक में घर पर भारत का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। भारत ने 2013 से 2023 तक घर पर खेले 46 टेस्ट में सिर्फ.तीन टेस्ट ही हारे थे। इसमें एक हार नाथन लियोन की वजह से मिली थी। इंदौर टेस्ट में लियोन ने ऑस्ट्रेलिया की नौ विकेट से मिली जीत में आठ विकेट चटकाए थे और इसलिए लियोन को टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवॉर्ड दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप का खिताब जिताने वाले पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुना गया है। कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में एशेज को ड्रॉ पर समाप्त किया जबकि घर पर पाकिस्तान को रौंद दिया। सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 बल्लेबाज का अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें इस बार यह अवॉर्ड राजकोट में श्रीलंका के खिलाफ 220 के स्ट्राइक रेट से खेली गई 112 रनों की पारी के लिए दिया गया है। जबकि जोहानसबर्ग में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट चटकाने वाले वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ को पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज चुना गया है। वीमेंस टी20 लीग की श्रेणी में दो अन्य ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को अवॉर्ड मिला। ब्रिस्बेन हीट की ओपनर ग्रेस हैरिस को डब्लूबीबीएल इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबज चुना गया, जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए डब्लूबीबीएल फाइनल के अंतिम ओवर में 11 रन डिफेंड करने के लिए अमांडा वेलिंगटन को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवॉर्ड दिया गया है। वीमेंस टी20 लीग की इस श्रेणी में डब्लूबीबीएल के अलावा डब्लूपीसीएल, डब्लूपीएल और वीमेंस हंड्रेड जैसी लीग को भी शामिल किया गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गॉल में नाबाद 140 रन की पारी खेलने के लिए चामरी अटापट्टू को महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया, जबकि मारुफा अख़्तर को भारत के खिलाफ वनडे में बांग्लादेश की पहली जीत सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं में वनडे का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। 2023 में दक्षिण अफ्रीका ने महिला टी20 विश्व कप का फाइनल खेला था। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट चटकाने वालीं अयाबोंगा खाका को टी20 में सर्वश्रेष्ठ महिला गेंदबाज चुना गया, जबकि पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले दक्षिण अफ्रीका के ही 23 वर्षीय गेराल्ड कोएत्जी को डेब्यूटेंट ऑफ द ईयर चुना गया।

# एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-2 से हराया



**मैड्रिड (एजेंसी)।** एथलेटिक बिलबाओ ने सैन मैम्स स्टेडियम में 3-2 की रोमांचक घरेलू जीत के साथ गिरोना की ला लीगा खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। लगातार सातवीं घरेलू जीत से एथलेटिक बिलबाओ के पास शीर्ष चार में जगह बनाने का मौका है। गिरोना अब शीर्ष पर चल रहे रियल मैड्रिड से छह अंक पीछे है जबकि, एथलेटिक बिलबाओ पांचवे स्थान पर एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक पीछे है। घरेलू टीम के लिए एलेक्स ने दो गोल और इनाकी विलियम्स ने एक गोल किया, जबकि विक्टर त्सिहानकोव और एरिक गार्सिया ने मेहमान टीम के लिए गोल किया। मैच में शुरूआत से ही एथलेटिक बिलबाओ ने अपना दबदबा बनाया क्योंकि एलेक्स ने मैच के दूसरे मिनट में ही अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई और आखिरकार 49वें मिनट में विक्टर के गोल की मदद से गिरोना ने 1-1 से बराबरी की। लेकिन इसके कुछ देर बाद ही एलेक्स ने 56वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल दागा। फिर, विलियम्स ने बिलबाओ की बढ़त को और बढ़ाते हुए मैच के 60वे मिनट में तीसरा गोल दागा। इसके बाद गार्सिया ने 75वें मिनट में गिरोना के लिए गोल किया। हालांकि, इसके बाद मैच के अंतिम क्षणों में दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुई और एथलेटिक बिलबाओ ने 3-2 से यह मुकाबला अपने नाम किया।

## खबरें व्यापार जगत की

# निफ्टी लगातार छठे सत्र में नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा



**मुंबई (एजेंसी)।** निफ्टी ने मंगलवार को लगातार छठे सत्र में अपनी बढ़त बरकरार रखी और कारोबार के आखिरी घंटे में एक बार फिर नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि कारोबार की समाप्ति पर निफ्टी 74.70 अंक या 0.34 प्रतिशत ऊपर 22,197 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 349.24 अंक या 0.48 प्रतिशत ऊपर 73,057.40 अंक पर रहा। कारोबार के आखिरी घंटे में संस्थागत खरीदारी से निफ्टी को हरे निशान में बंद होने में मदद मिली। जसानी ने कहा कि निफ्टी अब अल्पावधि में मामूली तेजी के रुझान के साथ 22,280 अंक से 22,053 अंक के बीच रह सकता है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने को तैयार है। बाजार को बैंकिंग क्षेत्र में लाभ से बल मिला है। निजी बैंकों में हाल ही में तेज सुधार से उछाल देखा गया है। हालांकि, मिड और स्मॉलकैप में गिरावट से पता चलता है कि ऊंचे वैल्यूएशन के कारण निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। नायर ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का विवरण जारी होना है जो हाल के अस्थिर मुद्रास्फीति आंकड़ों के प्रकाश में महत्वपूर्ण है।

## आईपीओ की संख्या 2023 में छह साल के उच्चतम स्तर पर रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, पिछले साल कुल 243 कंपनियां भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुईं, जो कम से कम छह साल में सबसे ज्यादा है। हालाँकि, 2023 में आईपीओ कुल राशि 7.10 अरब डॉलर रही जो में 2022 की तुलना में नौ फीसदी से ज्यादा कम है। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने अकेले भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जैसी बड़ी कंपनी के आईपीओ से 205 अरब रुपये से अधिक जुटाए थे। संख्या के लिहाज से 2023 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों की संख्या एक साल पहले के मुकाबले 65 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। दुनिया भर के अन्य प्रमुख बाजारों में गतिविधि धीमी होने देश में आईपीओ में उछाल देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में वैश्विक स्तर पर आईपीओ की संख्या 15 प्रतिशत गिरकर 1,429 हो गई और कुल लेनदेन मूल्य में 33.6 फीसदी की भारी गिरावट आई। जनवरी में जारी पीडब्ल्यूसी रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में आईपीओ आय के मामले में भारत ने वैश्विक बाजारों में तीसरा स्थान हासिल किया, जो पूंजी के स्त्रोतों में बदलाव और स्थानीय बाजारों के परिपक्व होने का संकेत देता है। पेशेवर सेवा फर्म ने कहा कि भारत का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) नवंबर 2023 में बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़कर चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया।

## उत्तर प्रदेश में निवेश के माहौल को उद्यमियों ने भी सराहा



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के लखनऊ में आयोजित चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन 'यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कामेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की। लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं, दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन, अच्छा बुनियादी ढांचा और व्यापार करने में आसानी। ये सारी चीजें हमारे पास भारत और उत्तर प्रदेश में हैं। शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज, अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है, जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हो और आश्वस्त हो कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी के साथ हमारा रिश्ता मील का पत्थर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें उत्तर प्रदेश और भारत में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। एयर लिक्विड समूह की ओर से मैं आने वाले वर्षों में भारत में प्रगतिशील निवेश के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं। डोर्ना के सीईओ कामेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की।

## जापान ने नौ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भारत को दिया 12,814 करोड़ रुपये का ऋण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान सरकार ने मंगलवार को भारत में विभिन्न क्षेत्रों की नौ परियोजनाओं के लिए लगभग 12,814 करोड़ रुपये का आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) ऋण देने की प्रतिबद्धता जताई। भारत की ओर से वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव विकास शील और जापान की ओर से यहाँ जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। जिन नौ परियोजनाओं के लिए ओडीए ऋण सहायता दी जानी है, वे हैं - उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 3) (दूसरी किस्त): धुबरी-फुलबारी पुल; उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 7): एनएच 127बी (फुलबारी-गोएराग्रे खंड); तेलंगाना में स्टार्ट-अप और इनोवेशन को बढ़ावा देने की परियोजना; चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड (चरण 2) के निर्माण की परियोजना; हरियाणा में सतत बागवानी को बढ़ावा देने के लिए परियोजना (पहली किस्त); राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन के लिए परियोजना; कोहिमा स्थित नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना के लिए परियोजना; उत्तराखंड में शहरी जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार के लिए परियोजना; और समर्पित माल गलियारा परियोजना (चरण 1) (पाँचवीं किस्त)। सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी परियोजनाओं का लक्ष्य देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार करना है। चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड परियोजना का उद्देश्य यातायात में भीड़ को कम करना और राज्य के दक्षिणी हिस्से में कनेक्शन को मजबूत करना है।

# राज्य सरकार बजट राशि का उपयोग नहीं कर पा रही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर समय पर बजट राशि का उपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य के ओबीसी वर्ग को धोखा देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य में अलग-अलग विभागों का 50 फीसदी बजट भी अब तक व्यय नहीं हुआ है जो राज्य की जनता के साथ अन्याय है। यह एक तरीके का अपराध भी है लेकिन इसे लेकर सत्तारूढ़ दलों के एक भी विधायक ने चिंता नहीं जतायी है। शाहदेव ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग कह रहे हैं कि उन्हें ईडी से डराया जा रहा है। वास्तव में यह ठीक ही है। गलत करने वालों के मन में ईडी का डर जरूरी भी है। 70 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप इस सरकार पर है। इस सरकार के करप्शन की किताब में अभी केवल पहला पन्ना ही पलटा गया है। मनमोहन सिंह की सरकार के समय देश में 5300 करोड़ रुपये अवैध राशि जब्त की गयी थी। वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल में एक लाख 25 हजार करोड़ रुपये जब्त किए जा चुके हैं। ईडी के खिलाफ पूर्व सीएम सुप्रीम कोर्ट तक गये पर राहत नहीं मिली। जेल जाना पड़ा। कोर्ट से बेल नहीं मिला। अगली सुनवाई बाकी है। अभी कई अध्याय बाकी हैं। शाहदेव ने आरोप लगाते कहा कि सवा चार साल हो गये। राज्य सरकार अब जातीय जनगणना की बात कर रही। इसके लिए एसओपी तैयार होने की बात हो रही है। जब उसने पूर्व में कोर्ट में एफिडेविट देते कहा था कि ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद निकाय चुनाव करा देगी तो फिर इस पर क्यों नहीं आगे बढ़ी। घड़ियाली आंसू अब वह बहा रही। कांग्रेस तो खुद पिछड़ा विरोधी रही है। 1979 में बनाये गये मंडल कमिशन की रिपोर्ट को सिरे से वह खारिज करती रही। 80-90 तक तो उसी का शासन रहा। शाहदेव ने कहा कि राजीव गांधी ने तो प्वाइंट दर प्वाइंट कमिशन की रिपोर्ट को खारिज करते इसे अनुपयोगी बताया था।



**अलग-अलग विभागों का 50 फीसदी बजट भी व्यय नहीं हुआ**

**गलत करने वालों के मन में ईडी का डर बेहद जरूरी**

## केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों पर गहराया : गुंजन सिंह



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह संबोधित किया। इस अवसर पर पिंकी सिंह, नीतू देवी, निलम सहाय, अनीता सिन्हा, संगीता टोप्पो, मेरी तिर्की मीनू सिंह, शांतिबाला उपस्थित थी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों पर गहराया हुआ है, और इसका सबसे अधिक असर गृहिणियों पर पड रहा है। ये अनसुनी नायिकाएं, जो परिवार, वित्त और कल्याण के बीच संतुलन बनाती हैं, लगातार बढती कीमतों के तूफान में जूझ रही हैं। यह प्रेस वार्ता गृहिणियों की दुर्दशा और उनकी पीड़ा के सत्य की आवाज को बुलंद करने के लिए है ।

### मूल्य वृद्धि

**– सब्जियां:** टमाटर, जो कभी खाने की मुख्य चीज हुआ करता था, उसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है, 30 रू से 70रू तक। लहसुन की कीमत भी आसमान छू रही , जो 400 से 500 रू तक पहुंच गई है, वहीं प्याज 30 से 40 रुपये पहुंच गई है, यहां तक कि आलू की कीमत भी 15 ये से बढ़कर 25रू हो गई है।

**एलपीजी :** अनगिनत रसोइयों की जीवन रेखा, एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले सालों में बढ़कर आज 1050 तक पहुंच गई हैं। यह वृद्धि बजट पर काफी दबाव डालती है, जिससे परिवारों को गैस के उपयोग में कटौती करने के सलए मजबूर होना पडता है, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रभावित होती है।

**दालें:** दालें, प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत की कीमत में तेज वृद्धि देखी गई है। मुंग दाल, जो एक लोकप्रिय विकल्प है, इसकी कीमत 70 से बढ़कर 180 हो गई है।

## बसंत सोरेन से मिला झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का प्रतिनिधिमंडल : पत्रकारों की परेशानियों से कराया अवगत

**रांची।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के तीन विभागों के मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुज बसंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय पर मुलाकात की। यूनियन की तरफ से राज्य के पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के मंत्री को राज्य के पत्रकारों की परेशानियों के बारे में अवगत कराया गया। उनसे हुई चर्चा के दौरान पत्रकार सुरक्षा कानून को राज्य में लागू करने के अलावा राज्य के पत्रकारों से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। श्री सोरेन ने इन बातों को ध्यान से सुना और अपनी तरफ से इस दिशा में यथासंभव प्रयास करने का आश्वासन भी प्रतिनिधिमंडल को दिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने किया। उनके साथ यूनियन के तरह उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, महासचिव सह प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, राजेश रमण एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-14/2023-24

पत्रांकः– 141 दिनांक :– 17.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 26.02.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 27.02.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 27.02.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र कामूल्य | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | REPAIR OF AC RESIDENCE AT CHATRA FOR THE YEAR 2023-24 | 10,66,650.00 | 21500.00 | 2500.00 | 01 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 319596 Building(23-24)D


# विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्तिः राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। यहां पर अलग-अलग प्रान्तों की संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज, परंपरा, खान-पान, वेशभूषा इत्यादि में विविधता है लेकिन हम सब एक हैं। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विविधता भी अनूठी है। प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रम से एक-दूसरे की संस्कृति से अवगत होने का अवसर मिलता है और राष्ट्रीयता की भावना प्रबल होती है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। इसी का परिणाम है कि विगत दिनों कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी नॉर्थ-ईस्ट में कई महती परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है। वस्तुतः भारत का विकास तभी संभव है जब यहां के सभी प्रदेशों का सम्यक विकास हो और हम सब एकता एवं भाईचारा के साथ सतत प्रयत्नशील हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू 28 फरवरी को आएंगी रांची,

## सीयूजे के तीसरे दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 फरवरी को रांची आएंगी। वे झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति 28 फरवरी को सुबह 10:30 बजे रांची पहुंचेंगी। इसके बाद वे कांके प्रखंड अंतर्गत चेरी-मनातू स्थित विवि के नये परिसर में आयोजित समारोह में शिरकत करेंगी। यहां से वे अपराह्न तीन बजे दिल्ली लौट जायेंगी। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह तीसरा रांची दौरा होगा। इससे पूर्व वे वर्ष 2022 में रांची और बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गयी थीं। इसके बाद वर्ष 2023 में झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन के उद्घाटन तथा ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भाग लेने आयी थीं। राष्ट्रपति के विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचने के लिए दो विकल्प तैयार किये जा रहे हैं। इनमें एक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग (रिंग रोड) होते हुए चेरी-मनातू तक तथा दूसरा चेरी-मनातू में ही हेलिपैड का निर्माण कर सेना के हेलीकॉप्टर से सीधे उतारने पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय परिसर में दिन के 12 बजे से एक बजे तक शिरकत करेंगी तथा विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगी।

**64 को गोल्ड और तीन को मिलेगा चांसलर मेडल :** दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के सत्र 2016-21 (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स) तथा सत्र 2019-21 व सत्र 2020-22 (दो वर्षीय कोर्स) के 778 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**तीन माह में देंगे और नौ...**

उतना तो 23 सालों में किसी सरकार ने नहीं किया। विकास योजनाओं की सूची में आज से हमारी सरकार ने 50 साल उम्र वाले झारखंडियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने वाली योजना की भी शुरूआत की है। इसके अलावा 100 के बजाय 125 यूनिट फ्री बिजली का लाभ अब 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के बच्चों को शिक्षा मिलती रहे इसके लिए छात्रवृति राशि तीन गुणा बढ़ा दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के लिए 15 हजार किलोमीटर नई सड़कें बनायी जा रही हैं। समारोह को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, विधायक सुदीप्य कुमार, लम्बोदर महतो, विनोद सिंह और अन्य ने भी संबोधित किया।

**चतरा में टीपीसी के सब-जोनल...**

उग्रवादियों की योजना थी कि अभिषेक की हत्या के बाद अन्य कारोबारी दहशत में आ जाएंगे और फिर लेवी वसूल कर सकेंगे।

पुलिस के अनुसार विगत कुछ दिनों से चतरा जिला के पिपरवार एवं टंडवा थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसायी तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को टीएसपीसी के सब-जोनल कमाण्डर अभिषेक उर्फ राजा उर्फ शोभित एवं एरिया कमाण्डर इरफान अंसारी उर्फ तुफान एवं सक्रिय सदस्य बलवंत उर्फ संदीप लोहरा के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी, जिस कारण कोयलांचल क्षेत्र में कार्य से जुड़े व्यवसायियों के मन भय व्याप्त था। विगत माह पिपरवार थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव की रातू थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना को अंजाम देने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी के लिये टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में विशेष कार्यबल का गठन किया गया। पुलिस की टीम अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग से छापेमारी कर टीपीसी के सब-जोनल एवं एरिया कमाण्डर सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादियों ने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में टीपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के बारे में जानकारी दी है।

**बजट सत्र के मद्देनजर..**

होती है। प्रश्नों के उत्तर लंबित होने पर एटीआर में इनका उल्लेख नहीं हो पाता है। स्पीकर ने विभिन्न समितियों के अप्राप्त उत्तरों के संबंध में संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा इसलिए आहूत होती है कि जनसमस्याओं का निराकरण हो सके। स्पीकर ने कहा कि बजट सत्र में विधेयक के लिए दो मार्च का कार्य दिवस तय है। इस समय से तीन दिन पहले जिन विधेयकों को सभा पटल पर रखा जाना या उसमें किसी प्रकार का संशोधन होना है, उसकी प्रतियां सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाए। स्पीकर ने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए। विधानसभा के तीनों एप्रोज रोड में निगरानी को सीसीटीवी कैमरा लगाने को भी कहा गया। सत्र के दौरान डॉक्टरों, दवाओं और एंबुलेंस की व्यवस्था भी तय किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यांगते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मंत्रिमंडल विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह समेत अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

**खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने रांची..**

पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। स्टेडियम से लेकर होटल तक सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये जा रहे हैं। एयरपोर्ट से होटल तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। एयरपोर्ट को भी सुरक्षा घेरे में लिया गया है। सिख फॉर जस्टिस के गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने माओवादियों से यह भी आह्वान किया है कि आदिवासियों की जमीन में क्रिकेट नहीं होने देना है। मालूम हो कि अमृतसर का रहने वाला गुरपतवंत पन्नू पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह विदेश चला गया, जहां उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर पंजाब में खालिस्तानी अलगाववादी मुहिम चलाता है।

**चौथे टेस्ट मैच के लिए रांची...**

अब तक दो में जीत हासिल की है और सीरीज में 2-1 से आगे है। इससे पहले राजकोट टेस्ट में भारत ने 434 रनों के विशाल और रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की थी। यह रनों के मामले में भारत का किसी भी टीम पर सबसे बड़ी जीत है। टेस्ट मैच 23 से 27 फरवरी तक होगा। रांची में सभी खिलाड़ी सात दिनों तक रुकेंगे। मैच को लेकर जिला प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन ने सारे इंतजाम कर लिए हैं। स्टेडियम में दर्शकों के लिए भी कई नए इंतजाम किए गए हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग स्टेडियम आकर टेस्ट क्रिकेट का आनंद उठा सकें। रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गयी है जांच चल रही है पर इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं है पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।


### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)

निविदा सूचना संख्या–CTR/STATE_PLAN/DT/23/2023-24 दिनांक – 19.02.2024

A. Name of Work :- Construction of 125/115 mm dia 70m/90m/120m Mtrs D/T, Deep D/T, Extra Deep Drilled Tube Well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under State Plan)

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DT/70M/CTR/02 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | DEEP-DT/90M/CTR/02 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 3 | DEEP-DT/90M/CTR/04 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 21.02.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 28.02.2024 समय 05:00 बजे पुर्वाहन तक |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR 319599 (Drinking Water and Sanitation 23-24 (D)



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

अति-अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2023–24)

1 विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **28.02.2024** को 12.00 बजे से दिनांक **05.03.2024** तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में)
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक **06.03.2024** को **3.00** बजे अपराह्न तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **06.03.2024** को 3.30 बजे अप0 के बाद।
5 परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :
(1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, धुर्वा, रांची।
(2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
(3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6 निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर
7 कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत गढ़वा–चिनियाँ पथ से Indra B.Ed. College पथ (कुल लंबाई 0.343 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। (योजना मद अंतर्गत) | 22.494 | 45,000.00 | 5000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 2. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत गढ़वा–चिनियाँ पथ से District Judge Residence तक (कुल लंबाई 0.456 कि0मी0) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। (योजना मद अंतर्गत) | 38.278 | 77,000.00 | 5000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |

नोट :– (1) निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि मान्य होगा।
(2) **UCAN Portal** में निबंधित संवेदक हीं निविदा में भाग ले सकते हैं।
(3) निविदा की शर्तें **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 319696 Road (23-24)_D



### District AYUSH Society Garhwa

**Recruitment Notice**

Advt. ..............................

Recruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH SocietyGarhwa

National AYUSH Mission (NAM), Jharkhand, is committed to provide accessible, affordable andaccountable quality health services to the last person of the last household at the last village. The thrust is onestablishing a fully functional, community owned, decentralized health delivery system with intersectoralconvergence at all levels, to ensure simultaneous action on a wide range of health determinants such as water,sanitation, education, nutrition, social and gender equality.

NAM, Jharkhand is seeking online applications from eligible candidates for the following position for District AYUSH Society Garhwa Government of Jharkhand:-

| Sl. No. | Name of Post | Number of Post | Remuneration (Rs./month) | Qualification & Eligibility Criteria |
|---|---|---|---|---|
| 1. | District Programme Manager | 1(UR) | Rs. 50,000/- | **Essential Minimum Qualification:** Graduation degree in any discipline including AYUSH and MBA in Healthcare Management/Masters in healt/Hospital administration/Post Graduation diploma in Hospital & healthcare management (Two years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience:** Minimum 1 year working experience in Public health programme Exposure in social sector schemes/missions at national, state and district level. **Required Minimum Competencies:** Computer knowledge including MS Office, MS Word, MS Power Point, and MS Excel would be desirable. **Note:** Preference will be given to persons having experience of working in Health sector including AYUSH. |

**Terms of Engagement:**

1. संविदा नियुक्ति, नियुक्ति तिथि से 1 वर्ष के लिए की जायेगी, हालांकी, संतोषजनक/असंतोषजनक सेवा के आधार पर बिना किसी सूचना के अनुबंध बढ़ाया या समाप्त किया जा सकता है।
2. आयु सीमा 1 अगस्त 2023 कोन्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।
3. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक है। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।
4. सफल उम्मीदवारों को संविदात्मक समझौते को निष्पादित करने की आवश्यकता होगी और उनकी सेवा NAM के सेवा नियमों द्वारा निर्देशित होगी।
5. **आवेदन की प्रकियाः–**
(a) आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर सभी प्रमाण पत्रों की स्वभिप्रमाणित प्रतितथा "CV" के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन शुल्क 1000/– (एक हजार रुपये) के डिमांड ड्राफ्ट **जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा** के नाम से कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा सदर अस्पताल परिसर गढ़वा के पिन कोड–822114 के पते पर तथा जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा के Gmail-garhwadamo@gmail.com पर स्वीकार किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।
(b) अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नही किया जायेगा।

**नोट :–इस बहाली से संबंधित नियम एवं शर्त तथा अन्य संबंधित जानकारी गढ़वा जिला के अधिकारिक वेबसाइट :–garhwa.nic.in या कार्यालय जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के सूचनापट पर देखी जा सकती है।**

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला आयुष समिति, गढ़वा।

PR 319669 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)



### कार्यालय नगर परिषद,बिश्रामपुर।

*Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com*

पत्रांक– ........./न0प0, दिनांक– ......../.........../2024

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि वैसे घृति धारक जिन्होने अपना घृति कर अभी तक भुगतान नही किया है, वे पन्द्रह दिनों के अंदर अपना बकाया राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा समय बीत जाने के उपरांत विधि सम्मत कारवाई प्रारंभ की जायेगी। घृतिकर धारकों की सूची निम्नवतः हैः–

| Sr. No. | Ward No. | NAME | HOLDING No. | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | VIJAY KUMAR PANDEY | 0030000345000A1 | 289920.00 |
| 2 | 5 | S.B. PANDEY SANATAN TEACHER TRAINING SCHOOL | 0050000381000L1 | 274817.00 |
| 3 | 5 | BIRENDRA KUMAR CHOUBEY | 005000409000A1 | 118869.00 |
| 4 | 9 | SHEO PRASAD SEHU (SUMITRA ITI) | 009000028300L1 | 91484.00 |
| 5 | 6 | SATYENDRA SINGH | 0060000266000A1 | 64564.00 |
| 6 | 8 | SANT TULSI DAS COLLEGE | 0080000208000L1 | 86768.00 |
| 7 | 18 | DILIP KUMAR | 018000133000A1 | 43512.00 |
| 8 | 5 | YOGENDRA KUMAR CHOUEY | 0050000268000X1 | 40652.00 |
| 9 | 8 | AKHTAR ALAM ANSARI | 008000386000M0 | 38900.00 |
| 10 | 9 | MANOJ GOSAI | 0090000017000X1 | 33646.00 |
| 11 | 5 | ATAMNAND CHOUBEY | 0050000071000X4 | 32878.00 |
| 12 | 5 | BRAJESH CHOUBEY & OTHER | 0050000064000D1 | 31584.00 |
| 13 | 6 | TRUN KUMAR MISHRA | 0060000308000M0 | 30666.00 |
| 14 | 9 | VIKASH GOSWAMI | 0090000167000A1 | 28511.00 |
| 15 | 9 | AKHTAR ALAM ANSARI & OTHER | 0090000316000X1 | 26572.00 |
| 16 | 5 | GIRL HIGH SCHOOL ( BRAJ NANDAN CHOUBEY) | 0050000334000L1 | 25738.00 |
| 17 | 19 | NAND KUMAR TIWARI | 1900002400000M0 | 25738.00 |
| 18 | 9 | ARVIND SHUKLA , NIRAJ SHUKLA | 0090000340000C1 | 24852.00 |
| 19 | 12 | IAK MIYAN | 012000250000M0 | 23066.00 |
| 20 | 15 | AJIJ AHMAD | 015000316000M0 | 22802.00 |
| 21 | 19 | SARFUDDIN | 0190000235000M0 | 22225.00 |
| 22 | 11 | SARSWATI DEVI | 011000326000M0 | 20972.00 |
| 23 | 16 | GANGA PRASAD KESHRI | 0160000287000X4 | 19827.00 |
| 24 | 6 | NANDLAL TIWARI | 0060000179000A4 | 19760.00 |
| 25 | 9 | SHEKH SALMUDDIN & OTHER | 090000179000M0 | 19537.00 |
| 26 | 8 | HUSSAIN EDUCATIONAL & WELFARE | 0080000223000L1 | 19488.00 |
| 27 | 6 | GOVIND SINGH | 0060000174000X1 | 19120.00 |
| 28 | 6 | ANNU MEMORIAL EDUCATIONAL & WELFARE | 0060000402000X4 | 19025.00 |
| 29 | 17 | JAMUNA DEVI HIGH SCHOOL | 0170000499000X4 | 15754.00 |
| 30 | 9 | CHANCHLA CHOUBEY & ARCHAA CHOUBEY | 0090000315000D4 | 14101.00 |
| 31 | 3 | MATHURA MAHTO | 0030000041000A1 | 13952.00 |
| 32 | 5 | VIJAY SINGH | 00500000006000A1 | 13807.00 |
| 33 | 6 | RAKESH KUMAR SINGH | 0060000199000X1 | 11872.00 |
| 34 | 6 | RAJU SINGH | 0060000232000X1 | 11868.00 |
| 35 | 9 | BHOLA DEVI | 00900000023000A1 | 11046.00 |
| 36 | 6 | SHASHI SINGH | 0060000164000A1 | 10297.00 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगरपरिषद्, बिश्रामपुर।

PR 319636 District(23-24)D




## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि रायसीना डायलॉग का 9वां संस्करण 21-23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों के समाधना के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को इस संवाद का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे।

### जेपी नड्डा 21 और 22 को महाराष्ट्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बुधवार से दो दिवसीय प्रवास पर मुंबई जाएंगे। इस दौरान नड्डा कई सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा ने मंगलवार को बताया कि नड्डा बुधवार एवं गुरुवार (21 एवं 22 फरवरी) को मुंबई में कई सार्वजनिक एवं सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस प्रवास के दौरान वे कार्यकर्ता सम्मेलन और क्लस्टर बैठक के साथ-साथ लाभार्थी सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस दौराव वे छत्रपति शिवाजी महाराज शिल्प का पूजन एवं उद्घाटन भी करेंगे।

### हाईकोर्ट ने शुभेंदु को संदेशखाली जाने की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की सख्ती के बाद आखिरकार पुलिस ने वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने साफ कर दिया कि विधायक शुभेंदु अधिकारी और शंकर घोष केवल दो लोग एक साथ संदेशखाली जा सकते हैं।

### चार टाइम बमों की बरामदगी के मामले में एनआईए की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एनआईए ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में चार टाइम बमों की बरामदगी के मामले में जांच शुरू कर दी है। बम बरामदगी मामले में उत्तरप्रदेश एसटीएफ के द्वारा 25 वर्षीय जावेद और 60 वर्षीय इमराना की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी के बाद इमराना और जावेद के खिलाफ आईपीसी की धारा 286 (विस्फोटक पदार्थ के लिए लापरवाहीपूर्ण आचरण) और विस्फोटक अधिनियम की धारा 4/5 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वाईएसआरसीपी विधायक की इस्तीफे के दो महीने बाद पार्टी में वापसी

**अमरावती।** सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के दो महीने बाद मंगलवार को एक बार फिर अल्ला रामकृष्ण रेड्डी पार्टी में शामिल हो गए हैं। मंगलागिरी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ने मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी से मुलाकात की, जिन्होंने पार्टी में उनका वापस स्वागत किया। वाईएसआरसीपी सांसद अयोध्या रामी रेड्डी के साथ रामकृष्ण रेड्डी ने मुख्यमंत्री से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात की।

# सरकार किसी परिवार की नहीं, जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही : प्रधानमंत्री

### साम्बा में 1661 करोड़ की लागत से बने एम्स का किया उद्घाटन

### जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



**एजेंसी। जम्मू/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू में एम्स का उद्घाटन करने के साथ ही शिक्षा, रेल, सड़क, विमानन, पेटोलियम तथा नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से संबंधित 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर है। जम्मू-कश्मीर को परिवार संचालित पार्टियों का शिकार बताते हुए कहा कि सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है। इसलिए कोई भी पात्र नागरिक लाभ से नहीं चूकेगा। जनसभा में मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे भारत में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा रखा। परिवारवाद की राजनीति को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जमकर निशाना साधा। कहा, कांग्रेस ने दशकों तक झूठ बोला है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके सपने पिछले 70 साल से अधूरे हैं। हालांकि आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा। प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ बम, अपहरण और अलगाव की निराशाजनक खबरें ही आती थीं। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए मोदी ने कहा कि मैंने सभी को बता दिया है कि भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। मोदी ने कहा कि मैंने इस जगह पर 2014 में जो वादा किया था उसे पूरा किया। आज हमारे पास जम्मू में आईआईटी और आईआईएम हैं। कहा, प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद-370 थी, इस दीवार को भाजपा सरकार ने हटा दिया है। अब जम्मू कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय स्थापित हुए अकेले जम्मू-कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

#### 1661 करोड़ से बने एम्स का लोकार्पण

साम्बा जिले के विजयपुर में 1661 करोड़ रुपये से बने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का प्रधानमंत्री ने लोकार्पण किया। यह एम्स 226.84 एकड़ में फैला है। इस एम्स के बनने से जम्मू-कश्मीर सहित पंजाब व हिमाचल के लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। एम्स में 30 जनरल और 20 सुपर स्पेशियलिटी विभाग होंगे। पहले चरण में लगभग तीस से अधिक जनरल और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में ओपीडी सेवाएं शुरू की जा रही है, जो 1 मार्च से शुरू होंगी। पहले चरण में एम्स में आपात सेवाएं शुरू नहीं की जाएंगी। अगले छह माह में एम्स पूरी तरह से काम करने लगेगा।

#### रेल परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोददी ने जम्मू कश्मीर में बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान (48 किमी) रेल लाइन और बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच नवविद्युतीकृत सहित कई रेल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन तथा बारामूला स्टेशन के बीच रेल सेवा को भी हरी झंड़ी दिखाई। बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान का शुरू होना महत्वपूर्ण है। भारत की सबसे लंबी रेलवे परिवहन सुरंग टी-50 (12.77) खड़ी-सुंबड़ के बीच इसी हिस्से में स्थित है। इस ट्रैक पर अब इलेक्ट्रिकल इंजन वाली ट्रेन तेज गति से चल सकेंगी।

#### 7874 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में 7874 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसमें जम्मू को कटरा से जोड़ने वाले दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे के दो पैकेज (44.22 किलोमीटर) सहित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं भी शामिल है। इसके अलाव श्रीनगर रिंग रोड को चार लेन का बनाने के लिए चरण दो, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 के 161 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-बारामूला-उड़ी खंड के उन्नयन के लिए पांच पैकेज तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-444 पर कुलगाम बाईपास और पुलवामा बाईपास का शिलान्यास किया।

## आचार्य विद्यासागर जी का अस्थि संचय हुआ

### अस्थि कलश जमीन में दबाया जाएगा, उसी जगह बनेगी समाधि



**एजेंसी। रायपुर**

आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधिस्थ होने के बाद मंगलवार को उनका अस्थि संचय किया गया। अस्थियों को शुद्धिकरण के बाद एक कलश में रखा गया है। आचार्य श्री शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2:35 बजे ब्रह्मलीन हो गए थे। रविवार को जैन परंपरा के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया था। जैन धर्म में अस्थियों को जल में विसर्जित नहीं किया जाता। आचार्य विद्या सागर जी की अस्थियों का कलश में संकलन किया गया। उसके बाद उसे जमीन में दबाया जाएगा। जिस जगह पर अस्थि कलश दबाया जाएगा, वहीं उनकी समाधि बनाई जाएगी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थ में विद्यासागर जी की अस्थि संचय क्रिया पूज्य मुनि श्री महासागर जी के सानिध्य में हुई। आचार्य जी की अस्थि लेने के लिए छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा समेत कई राज्यों से लोग पहुंच रहे हैं।

#### मुनि समय सागर महाराज को गद्दी सौंपी जाएगी

आचार्य विद्या सागर जी ने छह फरवरी को मुनि योग सागर से चर्चा के बाद आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने मुनि समय सागर जी महाराज को आचार्य पद देने की घोषणा की थी। मुनि समय सागर के चंद्रगिरी तीर्थ पहुंचने के बाद विधिवत तरीके से उन्हें आचार्य की गद्दी सौंपी जाएगी। मुनि समय सागर जी 43 साधुओं के साथ पैदल यात्रा कर 22 फरवरी को बालाघाट से डोगरगढ़ पहुंचेंगे। वहां उन्हें विधिवत रूप से आचार्य की गद्दी सौंपी जाएगी।

## पीएम ने आईआईटी पटना व आईआईएम बोधगया का किया वर्चुअल उद्घाटन



**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी पटना के नवनिर्मित 24 भवनों, आईआईएम बोधगया के स्थायी भवन तथा भागलपुर ट्रिपल आईटी के नये स्थायी भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित अपने कक्ष से जुड़े। 466 करोड़ रुपये की लागत से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों के निर्माण होने से अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, सेंट्रल लेक्चर हॉल और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर सहित अन्य सुविधाएं छात्रों को मिलने लगीं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में केंद्र सरकार से पटना में आईआईटी की स्थापना के लिए आग्रह किया था और वर्ष 2008 में पटना में इसकी स्थापना हुई थी।

राज्य सरकार द्वारा पटना के बिहटा में उसके लिए 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। आईआईएम, बोधगया के भवन के उद्घाटन होने से इस परिसर में छात्रों को अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और पुस्तकालय आदि की और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। 128 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर में ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन से छात्र-छात्राओं को भी सुविधाएं मिलने लगी हैं।

कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह भी जुड़े।

#### आईआईटी भिलाई का भी वर्चुअल लोकार्पण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ के आईआईटी भिलाई के स्थायी परिसर का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मानव संसाधन विकासमंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दुर्ग के सांसद विजय बघेल, आईआईटी के अधिशासी मंडल के अध्यक्ष के. वेंकटरमण और निदेशक आईआईटी प्रोफेसर राजीव प्रकाश मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी कवर्धा और कुरूद में केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का भी लोकार्पण किया। भिलाई आईआईटी कैंपस 400 एकड़ में बना है।

## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, 2 अन्य ओडिशा से राज्यसभा के लिए चुने गए

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव तथा बीजू जनता दल (बीजद) के दो उम्मीदवार राज्यसभा के लिए ओडिशा से निर्विरोध चुने गए। रिटर्निंग अधिकारी अबनिकांत पटनायक ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी बीजद नेता और बाराबती-कटक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक, देबाशीष सामंतराय और बीजू युवा जनता दल (बीजेवाईडी) के उपाध्यक्ष सुभाशीष खुंटिया भी राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। बीजद ने दूसरी बार भाजपा द्वारा नामित वैष्णव की उम्मीदवारी को समर्थन दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि पूर्व आईएएस अधिकारी इस बार भी राज्य सभा पहुंच सकें। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा, ओडिशा से राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए जाने पर स्वीकार कर लिए गए। निर्धारित समय सीमा के भीतर नामांकन वापस नहीं लिया गया, इसलिए तीनों उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामांकन वैध रहेंगे। अब उनकी उम्मीदवारी घोषित की जा सकती है। वे अश्विनी वैष्णव, देबाशीष सामंतराय और सुभाशीष खुंटिया हैं। उन्होंने पहले स्पष्ट किया था कि 27 फरवरी को कोई मतदान नहीं होगा क्योंकि ओडिशा से राज्यसभा की तीन सीटों पर एक-एक उम्मीदवार ही है।



**चंडीगढ़ मेयर चुनाव : आप के पक्ष में फैसला आया**

## सुप्रीम कोर्ट की वजह से यह संभव हुआ : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार चंडीगढ़ के मेयर होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा गिनती करने के बाद यह निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का बयान सामने आया है। उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीत पर इंडिया गठबंधन को बधाई दी। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कुलदीप कुमार एक गरीब घर का लड़का है। इंडिया गठबंधन की ओर से चंडीगढ़ का मेयर बनने पर बहुत-बहुत बधाई। ये केवल भारतीय जनतंत्र और सुप्रीम कोर्ट की वजह से संभव हुआ। हमें किसी भी हालत में अपने जनतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाकर रखना है।" पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लिखा, "आखिरकार सत्य की जीत हुई, चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया। बीजेपी द्वारा सरेआम की गई गुंडागर्दी का उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है, लोकतंत्र की इस बड़ी जीत पर चंडीगढ़ वासियों को बहुत-बहुत बधाई।" आप नेता राघव चड्ढा ने अपने पोस्ट में लिखा, "सत्यमेव जयते! आज सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय ने भारत में लोकतंत्र के स्तम्भ - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा की है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में 8 'अमान्य' मतपत्रों को वैध मानकर पुनर्मतगणना का निर्देश देने के बाद आप मेयर उम्मीदवार को विजेता घोषित किया।


## मोदी सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार को किसानों के हित की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपनी सहूलियत के हिसाब से बयान बदलती रही है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का समर्थन किया था और प्रधानमंत्री बनने के बाद वह इसके विरोधी हो गए। वर्ष 2014 के पहले एमएसपी को भाजपा किसानों का हक बताती थी और आज इस मुद्दे पर किसानों को दिल्ली तक नहीं आने दिया जा रहा है। खेड़ा ने कहा कि एमएसपी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन भाजपा सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं है। इससे पहले हुए किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए लेकिन इनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अब फिर से किसान दिल्ली आना चाहते हैं तो उन्हें रास्ते में रोक दिया गया है।

# सीजेआई को एससीबीए अध्यक्ष ने आंदोलनरत उग्र किसानों पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के कई वकीलों ने किसानों के प्रदर्शन के खिलाफ भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को लिखे पत्र पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश को पद से हटाने की मांग की है। मालूम हो कि आदिश ने एमएसपी को लेकर प्रदर्शन करने वाले किसानों के विरूद्ध स्वतः कार्रवाई के लिए सीजेआई को 13 फरवरी के पहले एक पत्र लिखा है। यह पता चलने पर सुप्रीम कोर्ट के लगभग 150 वकीलों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, जिसमें सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक बुलाने का आह्वान किया गया। उक्त बैठक में मामले में किसी भी अधिकार और क्षमता के बिना और लेटर हेड पर सीजेआई को पत्र लिखने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष को हटाने पर चर्चा की जाएगी। क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में अपने पद का



खुला दुरुपयोग किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के ज्यादातर सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष के पत्र से खुद को अलग कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के 21 में से 13 सदस्यों ने प्रस्ताव में स्पष्ट किया कि अध्यक्ष ने कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ किसी भी परामर्श के बिना एकतरफा पत्र लिखा। यह व्यक्त करते हुए कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के लेटरहेड पर लिखा गया विवादास्पद पत्र गलत धारणा देता है कि यह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की राय को प्रतिबिंबित करता है, संबंधित कार्यकारी सदस्यों ने उक्त पत्र की सामग्री से असहमति जताई है और खुद को अलग कर लिया। कहा गया, यह पत्र अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ बिना किसी परामर्श के एकतरफा जारी किया गया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के लेटरहेड पर लिखे गए पत्र से यह गलत धारणा बनती है कि यह पत्र सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से लिखा गया। हम पत्र की सामग्री से सहमत नहीं हैं और इस पत्र से खुद को अलग करते हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद कुलदीप को मेयर घोषित किया

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने 30 जनवरी, 2024 को हुए चंडीगढ़ नगर निगम का मेयर पद के चुनाव में पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा घोषित परिणाम अवैध घोषित कर करते हुए आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया। मालूम हो कि विवादास्पद पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने उक्त परिणाम में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को विजेता घोषित किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने जानबूझकर 8 मतपत्रों को क्रॉस किया था, जो कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए थे, जिससे उन्हें अमान्य कर दिया जाए। न्यायालय ने मतपत्रों की भौतिक जांच की और पाया कि वे विरूपित नहीं थे। कोर्ट ने इन 8 वोटों को नतीजों में जोड़ते हुए कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया।चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने अदालत के समक्ष गलत बयान देने के लिए अनिल मसीह के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 340 के तहत आपराधिक कार्यवाही भी शुरू की। अदालत ने मतपत्र और रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया था, जिन्हें 5 फरवरी को जारी पिछले आदेश के अनुसार पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने कब्जे में ले लिया था। विवाद का मुद्दा 8 मतपत्रों से जुड़ा था, जिन्हें पीठासीन अधिकारी ने अवैध घोषित कर दिया था। कुल 36 वोटों में से सिर्फ 28 वोटों की गिनती हुई। आप पार्षद को 12 और भाजपा उम्मीदवार को 16 वोट मिले। मतपत्रों के भौतिक निरीक्षण के बाद अदालत ने पाया कि 8 'अमान्य' मतपत्रों में आप पार्षद के पक्ष में वोट थे। न्यायालय ने यह भी पाया कि पीठासीन अधिकारी ने इन आठ मतपत्रों के अंत में एक पंक्ति का निशान लगाया था। इससे पहले अदालत के समक्ष अपने बयान में मसीह ने दावा किया कि उसने ये निशान लगाए थे, क्योंकि ये मतपत्र पहले ही विरूपित हो चुके थे।

## इमरान की बहन उज्मा ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया





### बुशरा बीबी की मेडिकल जांच कराने की मांग

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की बहन डॉ. उज्मा खान ने अपनी भाभी के संबंध में इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उज्मा खान ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर इमरान की पत्नी बुशरा बीबी की मेडिकल जांच कराने मांग की है।

डॉ. उज्मा खान की इस याचिका की संक्षिप्त जानकारी इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ ने अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। इसमें मांग की गई है कि बुशरा बीबी की मेडिकल जांच एसकेएमसीएच के गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. असीम यूसुफ से कराने की अनुमति दी जाए।

इससे पहले डॉ. उज्मा खान ने आरोप लगाया था कि बुशरा बीबी को अवैध रूप से कैद कर रखा गया है। उन्हें एक सप्ताह पहले रसायन मिला हुआ भोजन दिया गया। इससे उनका गला और पेट जल गया है। वह खाने में असमर्थ हैं और अस्वस्थ हैं। उन्हें चिकित्सा उपचार से वंचित कर दिया गया है। उज्मा ने कहा है, "यह नाजायज, फासीवादी और सत्तावादी शासन का इमरान खान की पत्नी पर दुर्भावनापूर्ण हमला था। यह खान पर समर्पण के लिए दबाव डालने का एक व्यर्थ प्रयास था।"